दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 238
कोटद्वार रविवार
1 जनवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये










### मुख्यमंत्री धामी ने सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष 2023 की शुभकामनाएं दी

# जनता ने राज्य के इतिहास में पहली बार किसी सरकार को पुनः पूर्ण बहुमत से विजय बनाया: सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष 2023 की शुभकामनाएं दी है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा आने वाले वर्ष में राज्य सरकार आमजन के सहयोग से प्रदेश को नई ऊंचाइयों में पहुंचाने का कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि उत्तराखंड की जनता ने राज्य के इतिहास में पहली बार किसी सरकार को पुनः पूर्ण बहुमत से विजय बनाया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के विशेष सहयोग से राज्य सरकार, उत्तराखंड के चौमुखी विकास एवं सर्वश्रेष्ठ उत्तराखण्ड के संकल्प को लेकर निरंतर कार्यरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते वर्ष राज्य सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में अपने वादे के अनुरूप राज्य में यूनिफर्म सिविल कोड लागू करने हेतु उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने का कार्य किया। फाइनल ड्राफ्ट के आधार पर समान नागरिक संहिता प्रदेश में लागू किया जाएगा। समान नागरिक संहिता कानून असमान निष्ठाओं को दूर करके प्रदेश में सामाजिक समानता की सार्थकता को सिद्ध करेगा। उन्होंने कहा इसके साथ ही वर्ष 2022 में राज्य सरकार ने उत्तराखण्ड में दो ऐतिहासिक विधेयक विधानसभा में पास किए हैं। उत्तराखण्ड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक 2022 के पास होने के बाद प्रदेश में धर्मान्तरण को लेकर कठोर कानून का प्राविधान हो गया है। इसके अलावा उत्तराखण्ड लोकसेवा (महिलाओं के क्षैतिज आरक्षण हेतु) विधेयक 2022 से प्रदेश में महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था एकबार फिर से लागू हो जाएगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के आपसी समन्वय से 300 मेगावाट की लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना को स्वीति मिली है। उन्होंने कहा इस वर्ष जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना को भारत सरकार से निवेश स्वीति प्राप्त हुई है, जिससे नैनीताल व उधमसिंहनगर के तराई



क्षेत्र लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा केदारनाथ धाम, बद्रीनाथ धाम की तर्ज पर कुमाऊं के पौराणिक मंदिरों को भव्य बनाने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन की कार्ययोजना पर राज्य सरकार कार्य कर रही है। जिससे स्थानीय निवासियों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। चारधाम सर्किट में आने वाले सभी मंदिरों और गुरुद्वारों में भौतिक ढांचे और परिवहन सुविधाओं के विस्तार की योजना पर भी कार्य किया गया है। इस वर्ष चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके साथ ही इस वर्ष रिकर्ड संख्या में करोड़ों कावड़ यात्री हरिद्वार से गंगाजल लेकर से अपने-अपने क्षेत्रों की तरफ निकले। कांवड़ यात्रा के सफल संचालन हेतु पहली बार हमारी सरकार के द्वारा बजट की अलग से व्यवस्था भी की गई थी।

उन्होंने कहा प्रदेश में मोबाइल कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए केंद्र सरकार ने 1200 करोड़ की धनराशि स्वीत की है, जिसके माध्यम से प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में 1202 नए मोबाइल टावर स्थापित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि संपूर्ण राज्य में सड़क मार्ग, रेल लाइन, रोपवे एवं हवाई कनेक्टिविटी पर महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। आज ाषिकेश- कर्णप्रयाग रेल लाईन का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। इस वर्ष प्रधानमंत्री जी ने सीमांत गांव माणा में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 3400 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें दो नए रोपवे गौरीकुंड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब की आधारशिला रखने के साथ ही माणा से माणा पास और जोशीमठ से मलारी तक सड़क चौड़ीकरण परियोजनाएं भी शामिल हैं। राज्य में हवाई सेवा का विस्तार करते हुए जौलीग्रांट एयरपोर्ट से देहरादून - अल्मोड़ा - पिथौरागढ़ हेली सेवा का फ्लैग अफ किया गया। उन्होंने कहा अल वेदर रोड से चार धाम यात्रा के साथ ही सीमांत क्षेत्रों को टू लेन सड़क से जोड़ने का कार्य हुआ है। सड़को के निर्माण कार्य के साथ ही देश की सीमाओं को सशक्त व सुरक्षित बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड 1064 ऐप लन्च किया है। इस ऐप के माध्यम से जो भी शिकायतें मिल रही हैं उन पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लगभग 7000 पदों पर गतिमान भर्ती प्रक्रिया को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग से संपन्न कराया जा रहा है। राज्य के युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2023 के लिए कुल 32 परीक्षाओं हेतु परीक्षा कलेंडर जारी कर दिया गया है। इसमें यूकेएसएसएसएससी की भी 15 परीक्षाओं को भी शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्ष 2022 में कुमाऊं क्षेत्र में निर्मित होने वाले ाषिकेश एम्स के सैटेलाइट सेंटर का क्रियान्वयन भी आरंभ हो चुका है। कैबिनेट बैठक में कुमाऊं में एम्स सेटेलाइट सेन्टर हेतु किच्छा के समीप 100 एकड़ भूमि भारत सरकार को निशुल्क देने की मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने वात्सल्य योजना के तहत 6 हजार बच्चों के खाते में 12 करोड़ की धनराशि हस्तांतरित की है। राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना' आरम्भ की है। जिसके माध्यम से 8 से 14 वर्ष तक के खिलाड़ियों के लिए शारीरिक परीक्षण व क्षमता के आधार पर हर महीने 1500 प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जा रहे है, इससे दूरस्थ गांवों में टुपी खेल प्रतिभाओं को भी एक नवीन मंच प्रदान किया जा रहा है। राज्य के 2 लाख 65 हजार विद्यार्थियों को टैबलेट खरीद हेतु धनराशि ट्रान्सफर करने के साथ ही 'उत्तराखण्ड डिजिटल शिक्षा क्रांति' की शुरुआत की गई। हमारी सरकार द्वारा नंदा गौरा योजना के अंतर्गत 80 हजार लाभार्थी बालिकाओं को पीएफएमएस के माध्यम से 323 करोड़ 22 लाख रूपये धनराशि का डिजिटल हस्तांतरण किया गया। राज्य सरकार ने उत्तराखण्ड में नई शिक्षा नीति लागू की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आगामी वर्ष 2023 में हम राज्य में समान नागरिक संहिता को लागू करने पर निर्णय लेंगे। साथ ही महिला सशक्तिकरण के लिए महिला नीति, पलायन की रोकथाम हेतु आगामी योजना, 1 जिला 2 उत्पाद योजना को गति प्रदान करने के साथ सीमांत क्षेत्रों में हवाई सेवाओं का विस्तार, आपदा प्रबंधन तंत्र को मजबूत किए जाने, सीमांत गांव को बसाने हेतु संपूर्ण विकास, केदारनाथ पुनर्निर्माण के दूसरे चरण में 180 करोड़ के कार्य, बद्रीनाथ में मास्टर प्लान के अंतर्गत कार्य में तेजी, दून-मसूरी रोपवे, खरसाली से यमुनोत्री रोपवे का निर्माण, मानसखंड योजना के तहत कुमाऊं क्षेत्र के ऐतिहासिक मंदिरों में सुविधाओं का विकास, पिथौरागढ़ के लिए 20 सीटर एयरक्राफ्ट की सेवा शुरुआत, प्रथम एवं सीमांत गांव में मंत्रिमंडल की बैठक, स्वास्थ्य-शिक्षा व रोजगार-स्वरोजगार पर कार्य, गंगा समेत अन्य नदियों की स्वच्छता के साथ ही विकास के अन्य कई कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा उत्तराखंड को वर्ष 2025 तक सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लक्ष्य के साथ प्रदेश सरकार जन अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरी उतरने के लिए संकल्पबद्ध हैं। हम सभी मिलकर प्रदेश के समग्र विकास में अपना शत प्रतिशत योगदान देने के लिए संकल्पित हो, एवं समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड का निर्माण करें।

# कर्नाटक में अकेले चुनाव लड़ेगी बीजेपी: शाह

### शाह की लोगों से अपील- अधूरी नहीं दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाएं



**बेंगलुरू , एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक में भाजपा के अकेले चुनाव लड़ने का एलान किया। उन्होंने 2023 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों से अपील की कि कर्नाटक में अधूरी सरकारश न बनाएं, दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाएं। भाजपा अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेगी और कर्नाटक में अपने दम पर सरकार बनाएगी।

बेंगलुरु में शाह ने कहा कि कांग्रेस के लिए सत्ता हासिल करना भ्रष्टाचार करने का एक तरीका है, लेकिन हमारे लिए यह लोगों के जीवन को बेहतर बनाना है। सात राज्यों के हालिया चुनावों में, पांच राज्यों में भाजपा जीती और छह राज्यों में कांग्रेस का सफाया हो गया।

उन्होंने कहा कि जद(एस) से जुड़े लोग अफवाह फैला रहे हैं कि भाजपा उनके साथ गठबंधन करेगी। मैं कर्नाटक को स्पष्ट रूप से बताना चाहता हूं कि बीजेपी अकेले चुनाव लड़ेगी और राज्य में सरकार भी बनाएगी।

इससे पहले कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कांग्रेस को भ्रष्ट कहे जाने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रदेश भाजपा में दागी लोगों को शामिल करने वाला एक राजनीतिक सौदागर करार दिया। भ्रष्टाचार के बारे में बात करने के बावजूद भर्ती, तबादला, पदोन्नति, अनुदान आवंटन, कार्यों का क्रियान्वयन और बिल के भुगतान में 40 प्रतिशत कमीशन के आरोपों का सामना करने वाले भाजपा की प्रदेश इकाई के नेताओं को पार्टी में बरकरार रखे जाने को लेकर सिद्धरमैया ने शुक्रवार रात सिलसिलेवार ट्वीट में शाह पर कटाक्ष किए।

सिद्धरमैया ने कहा कि यह मजेदार है कि गृह मंत्री अमित शाह, एक राजनीतिक सौदागर, जिन्होंने मुख्यमंत्री पद को 2,000 करोड़ रुपये में बिक्री के लिए रखा है वह कांग्रेस पार्टी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं। अपरेशन लोटस के जरिये अवैध रूप से सत्ता में आने के बाद से ही भाजपा सरकार ने गरीबों को मौत और भ्रष्ट लोगों को संपत्ति दी है और विधान सौध को भ्रष्टाचार का केंद्र बना दिया है। 40 प्रतिशत में आपका कितना हिस्सा है, श्रीमान अमित शाह?

### लिव इन रिलेशनशिप पर अहम फैसला

# बालिगों को उनकी स्वेच्छा से जीने रहने का अधिकार: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, एजेंसी।** लिव-इन-रिलेशनशिप को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। जौनपुर के एक मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि बालिगों को उनकी स्वेच्छा से रहने-जीने का अधिकार है। कोई भी मौलिक अधिकार में हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

जौनपुर से जुड़े एक मामले में हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी की। कोर्ट ने लड़की के पिता की ओर से युवक पर दर्ज कराए गए अपहरण के मुकदमे को रद्द करने का आदेश दिया। युगल ने कोर्ट में बालिग होने का हलफनामा दिया था। जस्टिस सुनीत कुमार और सैय्यद वैज मियां की कोर्ट ने यह अहम फैसला सुनाया है।

# राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को नववर्ष 2023 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने समस्त प्रदेशवासियों को नववर्ष 2023 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने नव वर्ष 2023 में समस्त प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और सभी के जीवन में प्रगति, खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की है।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि यह नव वर्ष आपसी प्रेम, भाईचारे, सौहार्द एवं शांति का मार्ग प्रशस्त करे। उन्होंने कहा की नव वर्ष नए संकल्प के साथ एक नवीन आरम्भ का अवसर है। राज्यपाल ने प्रदेश वासियों से आह्वान किया कि हमें मिलकर नई सोच, नई ऊर्जा और नई आशा के साथ देवभूमि उत्तराखंड के विकास के लिए समर्पित भाव के साथ कार्य करना होगा।

## मोहाली में बड़ा हादसा: निर्माणाधीन इमारत की छत गिरी, कई मजदूरों के दबे होने की आशंका

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के मोहाली जिले में निर्माणधीन इमारत की छत गिरने से हड़कंप मच गया। हादसा मोहाली जिले के खरड़ के सेक्टर-126 में हुआ है। मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। मौके पर जेसीबी पहुंच गई है और लोगों को बचाने की कोशिश जारी। बताया जा रहा है कि यहां शपिग कम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। अंदर कितने लोग फंसे हैं, अभी यह साफ नहीं हो पाया है। मौके पर पुलिस व प्रशासन की टीमें पहुंच चुकी हैं।

# हर महीने आएगा अब बिजली बिल यूईआरसी ने जारी किया आदेश

**देहरादून।** उत्तराखंड में अब सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल हर महीने जारी किए जाएंगे। अभी तक पांच किलोवाट और इससे ऊपर के ही बिजली कनेक्शन पर हर महीने बिजली बिल जारी किए जाते हैं। अब चार किलोवाट तक वाले बिजली कनेक्शनों पर भी हर महीने बिल जारी होंगे।

पहले चरण में देहरादून सेंटर और ाषिकेश डिवीजन से शुरुआत होगी। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग की ओर से इस सम्बन्ध में ऊर्जा निगम को आदेश जारी किए गए हैं। आयोग के आदेशों के क्रम में एमडी ऊर्जा निगम अनिल कुमार ने हर महीने बिलिंग के आदेश जारी कर दिए हैं।

हर महीने से बिल अप्रैल महीने से जारी होंगे। जिन उपभोक्ताओं के दो महीने वाले बिल फरवरी में आएंगे, उनके यहां हर महीने बिल की व्यवस्था मई 2023 से शुरू होगी। इसके लिए सफ्टवेयर में बदलाव किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सामाजिक कार्यकर्ता वीरू बिष्ट ने कहा कि लंबे समय से इस प्रक्रिया को शुरू किए जाने का दबाव बनाया जा रहा था। जो अब जाकर शुरू हो पाई है।

दो महीने की बिलिंग की व्यवस्था में ऊर्जा निगम लापरवाही बरत रहा था। इससे बिल भी असमान आ रहे थे। सतपुली निवासी राकेश कुमार का 48 दिन में 351 यूनिट खर्च करने के बाद बिल 1456 रुपये आया। वहीं चमोली जोशीमठ निवासी प्रदीप नेगी का 45 दिन का बिजली का बिल 400 यूनिट खर्च होने पर 1671 रुपये आया। 400 ही यूनिट का रामबहादुर वर्मा का 44 दिन का बिल 2060 रुपये आया।

विद्युत नियामक आयोग के आदेश के बाद बिलिंग की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। अब हर महीने बिलिंग का सिस्टम शुरू किया जा रहा है। पहले चरण में देहरादून से हर महीने बिलिंग की व्यवस्था शुरू की जा रही है। जल्द सभी जगह इसे लागू करा दिया जाएगा।

## साल के आखिरी दिन बाजार रहे गुलजार

**देहरादून।** साल के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर को दून के बाजार गुलजार रहे। लोगों ने ईयर एंड डिस्काउंट का लाभ उठाया। शपिंग मल, बड़े स्टोरों की तुलना में खुले बाजारों में लोगों की भीड़ ज्यादा रही। 2022 के आखिरी दिन शनिवार होने के कारण कुछ निजी-सरकारी कार्यालयों में अवकाश रहा। जिसके चलते लोग परिवार के साथ बाजार घूमने आए। राजपुर रोड पर छोटे से लेकर बड़े मलों में लोगों का आना जाना दूसरे दिनों की तुलना में अधिक रहा। बड़े मलों में ब्रांडेड कपड़ों पर लुभावने अफर दिए गए।

# ऋषभ की प्लास्टिक सर्जरी सम्पन्न

### डीडीसीए डायरेक्टर ने कहा- गड्ढे के कारण हुआ हादसा

**देहरादून।** दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के डायरेक्टर श्याम सुंदर शर्मा ने कहा है कि सड़क पर गड्ढा होने के कारण ऋषभ पंत की कार हादसे का शिकार हुई है। शनिवार को उन्होंने देहरादून के मैक्स अस्पताल पहुंचकर ऋषभ पंत से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। डीडीसीए के डायरेक्टर श्याम सुंदर शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि गड्ढे के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने कहा कि ऋषभ की प्लास्टिक सर्जरी हो गई है। उन्होंने ऋषभ पंत, उनकी मां और डक्टरों से बात की है। ऋषभ



पंत की हालत सामान्य बनी है और विशेषज्ञ डक्टरों की टीम उनका उपचार कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी एयरलिफ्ट करने का कोई प्लान नहीं है और ना ही कोई जरूरत अभी है। हालांकि लिगामेंट के उपचार के लिए उन्हें बाद में शिफ्ट किया जा सकता है।दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के डायरेक्टर श्याम सुंदर शर्मा शनिवार को मैक्स हस्पिटल पहुंचे।

## पंजाब में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

# सीआरपीएफ जानती है कि सुरक्षा कैसे करनी है: राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत जोड़ो यात्रा अगले सप्ताह से दोबारा शुरु हो रही है। तीन से पांच जनवरी तक भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश में रहेगी। इस दौरान गाजियाबाद, बागपत, शामली और कैराना से होती हुई ये यात्रा पानीपत के रास्ते हरियाणा में प्रवेश करेगी। उसके बाद भारत जोड़ो यात्रा पंजाब में जाएगी। पंजाब में यात्रा की सुरक्षा को लेकर केंद्रीय एजेंसियां चिंतित हैं। हालांकि अभी स्थानीय और केंद्रीय स्तर पर काम कर रही इंटेलिजेंस एजेंसियां, पंजाब में यात्रा की



सुरक्षा को लेकर इनपुट जुटा रही हैं। पिछले कुछ समय से पंजाब में खालिस्तान से जुड़ी गतिविधियां देखी गई हैं। पंजाब पुलिस के इंटेल मुख्यालय और थाने पर राकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) से हमला हो चुका है। कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली में श्भारत जोड़ो यात्राश को लेकर सुरक्षा में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने शनिवार को एक प्रेसवार्ता में कहा कि सीआरपीएफ जानती है कि उसे कैसे सुरक्षा करनी है।

दिल्ली में राहुल गांधी की सुरक्षा में लापरवाही के आरोप लगने के बाद सीआरपीएफ की ओर से बताया गया कि 2020 से लेकर अभी तक राहुल, 113 बार सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर चुके हैं।

शनिवार को इस बाबत जब राहुल से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मैं भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहा हूं। वे कहते हैं कि मैं बुलेटप्रूफ गाड़ी में बैठ जाऊं। ऐसा कैसे हो सकता है। मैं पैदल चल रहा हूं। ऐसी स्थिति के अंतर्गत मैं बुलेटप्रूफ गाड़ी में नहीं बैठ सकता। जब भाजपा नेता, बुलेटप्रूफ गाड़ी से बाहर आकर रोड शो करते हैं, पैदल चलते हैं तो उन्हें सुरक्षा एजेंसी की ओर से कोई चिट्ठी नहीं भेजी जाती। क्या उनके लिए सुरक्षा का अलग प्रोटोकल है और मेरे लिए अलग।

सीआरपीएफ जानती है कि उसे कैसे सुरक्षा करनी है। कहीं न कहीं ये सब मेरे खिलाफ केस बनाने की कोशिश है।

केंद्रीय एजेंसियों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पंजाब में खालिस्तान की गतिविधियों को लेकर कई तरह के इनपुट मिल रहे हैं। ऐसे सवाल उठने लगे हैं कि पंजाब में दोबारा से मिलिटेंसी की आहट तो नहीं सुनाई पड़ रही। केंद्रीय जांच एजेंसी के शीर्ष अफसर यह बात मानते हैं कि पंजाब में जिस सख्ती के साथ खालिस्तान की छिटपुट घटनाओं पर एक्शन होना चाहिए, वह दिखाई नहीं पड़ रहा। अभी तो ये धुआं है, लेकिन इसके आग की लपटों में बदलने में देर नहीं लगेगी। पंजाब में उस वक्त वह जोखिम कई गुणा ज्यादा बढ़ जाता है, जब ऐसे मामलों पर सियासत की तरफ से श्मौनश धारण करने जैसा कुछ दिखाई पड़ता है।

# ठंड से बचने को जरूरतमंदों को बांटे कंबल



ऋषिकेश। सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए रोटरी क्लब ऋषिकेश रॉयल आगे आया है। शनिवार को क्लब ने 100 से अधिक जरूरतमंदों को ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित किए। शनिवार को यात्रा बस अड्डे पर रोटरी क्लब ऋषिकेश रॉयल ने वर्ष 2022 के समापन पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर अनिता ममगाईं ने 100 से अधिक निर्धन और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए।

उन्होंने क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कहा कि गरीबों की सेवा करने से बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं है। हर वर्ग के सक्षम लोगों को गरीब जनता की सेवा करने के लिए आगे आने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने यात्रा बस अड्डे पर बने रैन बसेरे की व्यवस्थाएं भी देखीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर क्लब अध्यक्ष सीए संकेत गोयल, सचिव विजय रावत, कोषाध्यक्ष राजीव गावड़ी, पार्षद चेतन चौहान, मनीष बंडवाल, संदीप गोस्वामी, राजेंद्र बिजल्वाण, हरीश राणा, मदन कोठरी, नेहा नेगी, भगवती प्रसाद रतूड़ी, अशरफी रनावत, कमला गुनसोला, चरनजीत आदि उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एनएसएस शिविर शुरू

रुद्रप्रयाग : राजकीय इण्टर कालेज गोर्ती की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर राजकीय प्राथमिक विद्यालय उरोली में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गया है। कार्यक्रम अधिकारी बीरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि स्वयंसेवियों के द्वारा ग्राम सभा उरोली में पर्यावरण स्वच्छता, जन जागरूकता, मध्य निषेध, करोना से बचाव आदि कार्यक्रम सम्पन्न किये जाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रोशनलाल सुपरियाल, प्रधान ग्रामसभा उरोली डा. संजय सिंह राणा, राप्रावि उरोली के प्रधानाध्यापक सुमेर सिंह राणा, प्रवक्ता सूर्यपाल सिंह असवाल, एसएमसी अध्यक्ष मीना देवी भट्ट, विजय सिंह चौहान सहित अन्य अध्यापक एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी बीरेंद्र सिंह नेगी ने किया। (एजेंसी)

# चमोली जिले में तहसील दिवस का रोस्टर जारी

### 3 जनवरी को थराली से होगी शुरूआत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जन समस्याओ एवं शिकायतों के निराकरण हेतु जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने वर्ष 2023 में आयोजित होने वाले तहसील दिवसों का रोस्टर जारी कर दिया है।

तहसील दिवस के लिए जारी रोस्टर के अनुसार 3 जनवरी 2023 प्रथम मंगलवार को प्रातः 11 से 2.00 बजे तक थराली में तहसील दिवस आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 17 जनवरी तृतीय मंगलवार को चमोली, 7 फरवरी प्रथम मंगलवार को तहसील कर्णप्रयाग, 21 फरवरी तृतीय मंगलवार को तहसील नंन्दप्रयाग, 7 मार्च प्रथम मंगलवार को तहसील जोशीमठ, 21 मार्च तृतीय मंगलवार को गैरसैंण, 4 अप्रैल प्रथम मंगलवार को पोखरी, 18 अप्रैल तृतीय मंगलवार को देवाल, 2 मई प्रथम मंगलवार को नन्दानगर (घाट), 16 मई तृतीय मंगलवार को जिलासू, 6 जून प्रथम मंगलवार को नारायणबगड, 20 जून तृतीय मंगलवार को आदिबद्री, 4 जुलाई प्रथम मंगलवार को थराली, 18 जुलाई तृतीय मंगलवार को चमोली, 1 अगस्त प्रथम मंगलवार को कर्णप्रयाग, 15 अगस्त तृतीय मंगलवार को नन्दप्रयाग, 5 सितंबर प्रथम मंगलवार को जोशीमठ, 19 सितंबर तृतीय मंगलवार को गैरसैंण, 3 अक्टूबर प्रथम मंगलवार को पोखरी, 17 अक्टूबर तृतीय मंगलवार को देवाल, 7 नवंबर प्रथम मंगलवार को नन्दानगर (घाट), 21 नवंबर तृतीय मंगलवार को जिलासू, 5 दिसंबर प्रथम मंगलवार को नारायणबगड तथा 19 दिसंबर तृतीय मंगलवार को आदिबद्री में प्रातः 11 से 2.00 बजे तक तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को उपरोक्त प्रस्तावित तहसील दिवस में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश भी जारी किए है। किसी भी तहसील दिवस के प्रथम मंगलवार को राजकीय/स्थानीय अवकाश शासन अथवा कार्यालय स्तर पर घोषित होने की दशा में उक्त के स्थान पर तृतीय मंगलवार को निर्धारित स्थान एवं समय पर ही तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा।

# टिहरी गढ़वाल में नशा मुक्त ग्राम पंचायतें होंगी सम्मानित

नई टिहरी : लंबे समय से जनपद टिहरी गढ़वाल में शराब नहीं, संस्कार की मुहिम चलाने वाले समाज सेवी सुशील बहुगुणा ने अब निर्णय लिया है कि जो ग्राम पंचायतें नशामुक्त होंगी। उन्हें सम्मानित करने का काम किया जायेगा। समाज सेवी सुशील बहुगुणा ने यह बात ल्वेधन हाई स्कूल में बच्चों गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। कहा कि नशा समाज को खोखला करने का काम करता है। इसलिए नशे के खिलाफ उनका शराब नहीं, संस्कार अभियान लंबे समय से जनपद में चल रहा है। जिसका लाभी कई परिवारों को मिला है। हर साल दर्जनों शादियों को अभियान के तहत काकटेल रहित बनाया गया है। अब इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए उन ग्राम पंचायतों को सम्मानित करने का काम किया जायेगा। जो नशामुक्त होंगी। लगातार तीन साल नशामुक्ति चलाने वाली ग्राम पंचायत की 20 हजार रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप देंगे। समाज सेवी सुशील बहुगुणा के राजकीय हाईस्कूल ल्वेधन मे अध्यन्नरत 36 निर्धन बच्चों को गर्म वस्त्र का वितरण भी किया। इसके लिए राजकीय हाईस्कूल ल्वेधन के प्रधानाचार्य आर वर्मा ने सुशील बहुगुणा का आभार व्यक्त किया। सुशील बहुगुणा ने इस मौके पर नशा व तम्बाकू से कैसे निजात मिले, इस पर भी छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अध्यापक बंसल, मंजू, राजेश्वरी नौटियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### बैठक आज

नई टिहरी : नई टिहरी नागरिक मंच की ओर से रविवार को नई टिहरी में 11 बजे सुबह बैठक होगी।

बैठक में नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा होगी। यह जानकारी मंच के सचिव जगजीत सिंह नेगी दी है, उन्होंने मंच के सभी पदाधिकारियों से समय से बैठक में उपस्थित होने को कहा है। (एजेंसी)

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया संदेश

रुद्रप्रयाग : अटल उत्कृष्ट राइंका गुप्तकाशी का सात दिवसीय एनएसएस शिविर का रंगारंग कार्यक्रम के साथ शुरु हुआ। एनएसएस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान संगठन ऊखीमठ सुभाष रावत ने राप्रावि देवर के प्रांगण में दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम अधिकारी दिलवर सिंह कोटवाल ने बताया कि शिविर में 23 छात्र एवं 36 छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। कहा कि इस शिविर के माध्यम से नशा मुक्त उत्तराखंड, संस्कार युक्त उत्तराखंड एवं दहेज प्रथा पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जन जागरुकता का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि सुभाष रावत ने कहा कि शिविर के माध्यम से युवा पीढ़ी समाज की समस्याओं से परिचित होती है।

# मैत्री क्रिकेट मैच में नगर पालिका की टीम ने डीएम एकादश को हराया




हरिद्वार। नववर्ष आगमन के स्वागत में रानीपुर भेल स्थित डी.पी.एस. कॉलेज में शनिवार को डी.एम. ईलेवन वर्सेज टीम नगर पालिका शिवालिक नगर के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा आदि ने शानदार क्रिकेट का प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय ने कहा कि खेलों से स्वस्थ मनोरंजन होने के साथ ही जीवन में एक नये उत्साह का संचार भी होता है' उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समय– समय पर होते रहने चाहिए। इस मौके पर उन्होंने मेमोरियल ट्राफी भी प्रदान की। डी.एम. ईलेवन.टीम में जिलाधिकारी, एस.एस.पी. , मुख्य विकास अधिकारी सहित ए.डी.एम पी.एल. शाह,सचिव एच.आर.डी.ए उत्तम सिंह चौहान, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रूड़की अभिनव शाह, एस.डी एम पूरन सिंह राणा, नगर मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह, एस.डी.एम भगवानपुर आशीष मिश्रा, एस.पी.सिटी स्वतंत्र कुमार, सी.ओ. सिटी मनोज ठाकुर आदि शामिल थे'

## एक नजर

### योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं बनें सशक्त : नौटियाल

नई टिहरी : भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने देवप्रयाग में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं सशक्त बन रही है। उन्होंने महिलाओं से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने देवप्रयाग स्थित लोनिवि विश्राम गृह में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कई योजनाऐं चलाई जा रही है, जिसका महिलाओं लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से महिला कल्याण के लिये चलाई जा रही योजनाओं को महिलाओं तक पहुंचाने की अपील की है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक तिवारी, महामंत्री अतुल कोटियाल, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ. बीएस रावत, महिला मोर्चा सदस्य नीता ध्यानी, चंद सिंह रावत आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### नई टिहरी के विकास को एकजुट होकर काम करना होगा

नई टिहरी : भरतमंगलम बौराड़ी में टिहरी के जन्मोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रमों के साथ ही स्थानीय व्यंजनों के भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर अतिथि मौजूद रहे टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय और प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि टिहरी के स्थान पर अब नई टिहरी मौजूद है। जिसके विकास के लिए सभी को एक जुट होकर काम करना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक डीसीडीएफ के अध्यक्ष अनुसुया प्रसाद नौटियाल ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को बनाए रखना है। इसलिए स्थानीय पहचान को बनाये रखना जरूरी है। टिहरी की यादों के रूप में पौराणिम संस्कृति को बनाये रखने की जरूरत है।

# परमार्थ निकेतन में हुआ नव वर्ष, नव जीवन रिट्रीट का शुभारम्भ



ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में ह्यह्यनव वर्ष, नव जीवनह्लह्य रिट्रीट का शुभारम्भ परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती जी, के पावन सान्निध्य में हुआ। परमार्थ निकेतन, गुरूकुल के ऋषिकुमारों ने रिट्रीट में सहभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वामी जी चिदानन्द सरस्वती जी ने ह्यसकारात्मकता और कृतज्ञताह्ल के दृष्टिकोण के महत्व को बताते हुए कहते है कि अपनी प्रतिज्ञाओं और संकल्पों के साथ नव वर्ष में प्रवेश करें। जीवन में छोटे.छोटे बदलाव कर स्वस्थ और हरित जीवन शैली अपनाकर समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान प्रदान करें।

आज वर्ष 2022 का अन्तिम दिन है और सभी नव वर्ष का स्वागत करने हेतु तैयार हैं। वर्ष 2023 सभी के लिये मंगलमय हो, सभी को जीवन का श्रेष्ठ पथ प्राप्त हो, सभी के जीवन में दिव्यता का जागरण हो और यह वर्ष हमें श्रेष्ठ गंतव्य की ओर लें जायें, सभी स्वास्थ्य और खुशहाल रहें, सभी का आध्यात्मिक उत्थान हो, हमारे देश में समृद्धि और सद्भाव से परिपूर्ण वातावरण बना रहें, परमार्थ निकेतन माँ गंगा के तट से सभी के लिये विशेष प्रार्थना एवं शुभकामनायें।

स्वामी जी ने कहा कि नव वर्ष में ह्यसाधना, सेवा और समर्पणह्ल इन तीन पिलर्स के माध्यम से अपने जीवन को शुद्ध, बुद्ध और समृद्ध करें। नव वर्ष के अवसर पर अपनी पर्यावरण अनुकूल दिनचर्या बनायें; नियमित रूप से प्रातःकाल उठना, योग, ध्यान, प्राणायाम, कम से कम एक हजार तेज कदम चलना, रात्रि को जल्दी सोना और सात्विक व जैविक आहार ग्रहण करने संकल्प करें क्योंकि संकल्प ही हमारे जीवन को स्वस्थ, समृद्ध और सशक्त बनाता हैं। संकल्प से ही सिद्धि होती है।

आईये नव वर्ष की शुरूआत ग्रीन प्लेज और ग्रीन रेजोल्यूशन से करें क्योंकि आप देख रहे हैं दिन प्रतिदिन ग्लोबलवार्मिंग बढ़ती जा रही है, नदियां प्रदूषित हो रही है, पृथ्वी का तापमान बढता जा़ रहा है, भूजल का स्तर कम होता जा रहा है, जिससे न केवल मानव बल्कि प्रकृति भी प्रभावित हो रही है इसलिये हमें ग्रीन संकल्पों के साथ नव वर्ष में प्रवेश करना होगा।

स्वामी जी ने कहा कि जीवन में छोटे–छोटे परिवर्तन कर, स्वस्थ व हरित जीवन पद्धति को स्वीकार करना होगा। हमें रिडयूस, रीयूज, रिसाइकल और सर्कुलर इकोनामी के साथ ईकोलाजी पर विशेष ध्यान देना होगा तथा पारम्परिक भारतीय जीवन शैली को स्वीकार करना होगा तभी इन विकाराल समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

आईये नव वर्ष में मिशन–लाइफ के 75 सूत्रों को अपनाने का संकल्प ले।क्योंकि दुनिया में बड़े बदलाव के लिये स्वयं से शुरूआत करनी होगी। भारत नववर्ष 2023 में जी 20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है यह हम सभी के लिये गर्व का विषय है, परन्तु इसकी सफलता के लिये हम सभी को सहयोग करना होगा, आइये इन संकल्पों और रेजोल्यूशन के साथ नव वर्ष में प्रवेश करें।

### छात्राओं की करियर काउंसलिंग की

विकासनगर। राजकीय कन्या पूर्व माध्यमिक जीवनगढ़ में सैंगुइन वी केयर वेलफेयर सोसायटी की ओर से छात्राओं की करियर काउंसलिंग की गई। इसके साथ ही छात्राओं को उपहार भी वितरित किए गए। सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. कंचन नेगी कहा कि बेटियों को प्यार और समर्थन की जरूरत है। इन्हें आत्मनिर्भर बनाना, उनकी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना हम सबकी जिम्मेदारी है, जिससे कि वे सशक्त और आत्मनिर्भर बन सके। कहा कि बेटियां खेल के मैदान से लेकर विज्ञान की प्रयोगशालाओं और अंतरिक्ष तक में अपना परचम लहरा रही हैं। उन्होंने छात्राओं को बताया कि बिना परिश्रम के कुछ भी संभव नहीं है।

# डीएम ने किया तहसील दिवस का रोस्टर जारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयागः आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु वर्ष 2023 माह मार्च तक आयोजित होने वाले तहसील दिवस के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा रोस्टर जारी किया गया है।

जिलाधिकारी द्वारा वर्ष 2023 माह मार्च तक आयोजित की जाने वाली तहसील दिवसों हेतु जारी रोस्टर कार्यक्रम के अनुसार तहसील रुद्रप्रयाग में 3 जनवरी 2023 को माह के प्रथम मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद तीसरे मंगलवार (17 जनवरी) को जखोली तहसील में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित होगी। इसी तरह फरवरी माह के दूसरे मंगलवार (7 फरवरी) को तहसील बसुकेदार में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तथा 21 फरवरी को तहसील ऊखीमठ में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मार्च माह के प्रथम मंगलवार (7 मार्च) को अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील रुद्रप्रयाग में तथा तीसरे मंगलवार (21 मार्च) को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्धारित तिथियों में आयोजित होने वाले तहसील दिवस हेतु उनसे संबंधित तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अनिवार्य रूप से तहसील दिवस में स्वयं उपस्थित होने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि क्षेत्रीय जनता द्वारा तहसील दिवस के माध्यम से दर्ज की जाने वाली शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा सके।

### अतिक्रमण करने पर 14 व्यापारियों के काटे चालान

रुद्रप्रयाग : नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने को लेकर उप जिलाधिकारी सदर अपर्णा ढौंडियाल के नेतृत्व में शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न व्यापारियों द्वारा फुटपाथ व नालियों के ऊपर रखे गए सामान को हटाया गया। साथ ही कई व्यापारियों का चालान किया गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार कुरील ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा बीते दिनों नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया था। साथ ही नगर क्षेत्र में हो रहे किसी भी तरह के अतिक्रमण पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में राजस्व विभाग व नगर पालिका की टीम ने अभियान चलाया।

# महिला समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। सामान्य जाति के एक व्यक्ति को अनुसूचित जाति के व्यक्ति के नाम सैकड़ों बीघा जमीन करना भारी पड़ गया। जिस व्यक्ति के नाम भूमि कराई गई थी, उसकी मौत हो गई। बाद में जमीन उसके बीवी और बेटे के नाम दर्ज हो गई।

तीन माह पहले ही पता चला कि उनकी जमीन किसी अन्य लोगों के नाम पर बेच दी गई। मनीराम के बेटे ने पहचानने से इनकार कर दिया। उसके साथ गाली–गलौज और धक्का मुक्की कर दी। पुलिस ने सामान्य जाति के व्यक्ति की शिकायत पर एक महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ सिडकुल थाने में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रेम शंकर गुप्ता पुत्र आईएल गुप्ता निवासी सिडकुल ने कहा कि उसने वर्ष 2012 में सलेमपुर निवासी पप्पू पाटिल से 405 बीघा जमीन मनीराम के नाम खरीदी थी। दोनों के मध्य एक लिखित एग्रीमेंट भी कराया गया था। लेकिन उसके बाद भी धोखाधड़ी कर जमीन हड़प ली। आरोप है कि एग्रीमेंट में यह शर्त रखी गयी थी कि शिकायकर्ता भूमि मनीराम के नाम खरीद रहा है। भूमि की परमिशन होने के बाद भूमि मनीराम से अपने नाम करा ली जाएगी।

# तीर्थपुरोहित शर्त पूरी हुए बिना नहीं छोड़ेंगे आवास

नई टिहरी : बदरीनाथ धाम मास्टर प्लॉन के फेज दो में बदरीनाथ मंदिर के आसपास आवासों को हटाने को लेकर देवप्रयाग तीर्थपुरोहितों व चमोली प्रशासन में कोई सहमति नहीं बन पायी है। तीर्थपुरोहितों के अनुसार उचित मुआवजे व धाम में ही भूमि भवन दिये जाने की शर्त पूरी हुए बिना वह अपने आवासों को नहीं छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट बदरीनाथ धाम मास्टर प्लॉन के फेज दो में श्री बदरीनाथ मंदिर के आसपास 75 मीटर क्षेत्र में खुला परिसर बनाया जाना प्रस्तावित है। इस क्षेत्र में देवप्रयाग तीर्थ पुरोहितों के पैतृक आवास स्थित हैं। प्रशासन की ओर से भवन खाली करने को लेकर यहां करीब 40 तीर्थ पुरोहित परिवारों को नोटिस जारी किये गए हैं। मंदिर से सटे तीर्थ पुरोहित परिवारों को नोटिस मिलने के बाद वह एसडीएम जोशीमठ कुमकुम जोशी से मिलने पहुंचे।

# वार्षिकोत्सव में दिखा आध्यात्म और संस्कृति का मिश्रण

विकासनगर। श्री गुरुराम राय इंटर कॉलेज भाऊवाला के वार्षिकोत्सव में आध्यात्म और संस्कृति का मिश्रण देखने को मिला।

छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से आस्था और परंपराओं का प्रदर्शन किया। वार्षिकोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नरेश बंसल और विशिष्ट अतिथि विधायक सहदेव पुंडीर ने दीप प्रज्वलित कर किया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि शिक्षणेत्तर गतिविधियां बच्चों का उत्साह बढ़ाने और उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का काम करती हैं। सांसद ने विद्यालय में सभागार निर्माण कराने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि विधायक पुंडीर ने कहा कि बच्चों का भविष्य माता पिता से अधिक शिक्षकों के हाथों में होता है। उन्होंने विद्यालय को हर संभव सहायता मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

# हस्तशिल्पी और बुनकर उद्योग विभाग की लापरवाही से निराश

चमोली : ऊनी हस्तशिल्प और बुनकर उद्योग से जुड़े लोग उद्योग विभाग की लापरवाही से निराश हैं। उद्योग विभाग द्वारा भीमतल्ला में लगी ऊन की फिजाई करने वाली कार्डिंग मशीन के ठप होने से उन पर आधारित हस्तशिल्पी और बुनकर निराश और आक्रोशित हैं। सीमावर्ती इलाके कागा के प्रधान पुष्कर सिंह राणा ने बताया कि उद्योग विभाग चमोली द्वारा भीमतला मे 1967-68 से स्थानीय ऊनी कारोबार करने वाले लोगों के लिए एक ऊनी कार्डिंग मशीन लगवायी थी। जहां पर सीमान्त क्षेत्र के भोटिया जनजाति के लोग ऊन की फिजाई करवाते थे। ऊनी वस्त्र पंखी, शॉल, मफलर, ऊनी टोपी, कोट की पट्टी, दन/कालीन, आसन व तरह तरह के ऊनी वस्त्र तैयार करके बाजार में बेचते थे और अपनी आजीविका चलाते थे। पुष्कर सिंह राणा ने कहा दो साल से भीमतल्ला में उद्योग विभाग द्वारा लगाई गई कार्डिंग मशीन बंद पडी है । ग्रामीणों द्वारा कई बार उद्योग विभाग व जिला प्रशासन को इस बारे में अवगत भी कराया गया, लेकिन इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

कार्डिंग मशीन बंद होने से ऊनी वस्त्रों के वयापार से जुड़े भोटिया जनजाति के लोगो का कारोबार/रोजी रोटी पर इसका बुरा असर दिखाई दे रहा है।

## प्राचार्य ने छात्रों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राजकीय महाविद्यालय सतपुली में एन्टी ड्रग समिति की त्रिमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। बैठक में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नशामुक्ति पर अपने विचार रखे।

वहीं समिति के सदस्यों ने नशामुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दिये। इस दौरान राजकीय महाविद्यालय सतपुली एन्टी ड्रग समिति के नोडल अधिकारी डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, समिति के सदस्य एएस-ाआई जगदीश रावत, महिला कांस्टेबल दीपशिखा तोमर, मनोज माहेश्वरी, डॉ. अवधेश उपाध्याय, डॉ. वीर सिंह, डॉ. कपिल थपलियाल, डॉ. किशोरीलाल, डॉ. अर्जुन रवि, छात्रसंघ अध्यक्ष दिव्या बुडकोटी आदि शामिल रहे। संचालन डॉ. हरिकृष्ण सेमवाल ने किया।

# रामपुर में हाथी का आतंक, तोड़ा घर का गेट

### वन विभाग के लाखों दावों के बाद भी नहीं थम रहा हाथियों का उत्पात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

वन विभाग के लाख दावों के बाद भी आबादी क्षेत्र में हाथियों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही है। हालत यह है कि शुक्रवार रात रामपुर क्षेत्र में पहुंचे हाथी ने एक घर के गेट को तोड़ दिया। क्षेत्रवासियों ने शोर मचाकर हाथी को वापस जंगल में खदेड़ा

लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र से सटे रामपुर में आए दिन हाथियों की धमक बनी रहती है। शुक्रवार देर रात आबादी में पहुंचे हाथी ने रामपुर निवासी पुष्कर पाल सिंह के गेट को तोड़ दिया। हाथी के उत्पात की आवाज सुनकर घरों से बाहर निकले लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद हाथी को जंगल में खदेड़ा। रामपुर निवासी मोहन सिंह ने बताया कि हाथियों को जंगल में आने से रोकने के लिए क्षेत्रवासी कई बार वन विभाग से



रामपुर में हाथियों द्वारा तोड़ा गया लोहे का गेट।

शिकायत कर चुके हैं। बावजूद इसके आबादी में हाथियों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही है। काश्तकारों की पूरी फसल की रखवाली करने में बीत रही है। वन विभाग क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने को तैयार नहीं है। लगातार बढ़ रही हाथी की धमक से लोगों को भी जान का खतरा बना हुआ है।

## पत्रकारिता के छात्रों ने किया आकाशवाणी का भ्रमण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पत्रकारिता एवम जनसंचार विभाग के छात्र छात्राओं ने आकाशवाणी नजीबाबाद का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रोफेसर जितेंद्र सिंह नेगी और प्रोफेसर चक्रधर कंडवाल के साथ छात्र छात्राओं का दल आकाशवाणी नजीबाबाद पहुंचा। केंद्र पर पहुंचने पर औपचारिकताओं को पूर्ण करने के बाद छात्र–छात्राओं ने केंद्र की प्रसारण व्यवस्था को देखा। छात्र छात्राओं को ड्यूटी रूम, स्टूडियो ,लाइब्रेरी, विभिन्न संगीत के टेप्स, नाटक, वार्ता और म्यूजिक स्टूडियो की गतिविधियों को देखने का मौका मिला। ड्यूटी अफसर जयदीप नौटियाल ने आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उद्घोषिका निधि शुक्ला ने ट्रांसमिशन प्रसारण को बारीकी से समझाया। कंट्रोल रूम में तैनात इंजीनियर नकवी ने यांत्रिक शिक्षण के बारे में जानकारी दी।

# नशे के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

### इंटर कॉलेज कांडाखाल की ओर से निकाली गई रैली



इंटर कालेज कांडाखाल से जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत इंटर कॉलेज कांडाखाल की ओर से नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान विद्यार्थियों से समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए ग्रामीण से सहयोग की अपील की। कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हमें एकजुट होकर कार्य करना होगा। जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कांडाखाल लंगूर के विद्यार्थियों ने क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। इससे पूर्व प्रधानाचार्य सोमप्रकाश कंडवाल ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। अभियान के दौरान ग्रामीणों से भी शादी व अन्य शुभ कायी में शराब का बहिष्कार करने की अपील की गई।

जागरूकता रैली उढियारी–कांडाखाल बाजार से होते हुए वापस विद्यालय परिसर में पहुंची इस मौके पर आशुतोष बेलवाल, प्रमोद पैन्यूली, नीलम बमराड़ा, संदीप नेगी, पंकज कुकरेती आदि मौजूद रहे।

# 18.3 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि ।**

**कोटद्वारः** कोतवाली पुलिस ने 18.3 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई स्मैक की कीमत दो लाख रुपये बताई जा रही है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देश पर नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि रतनपुर क्षेत्र में एक युवक स्मैक की तस्करी कर रहा है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जब युवक की तलाशी ली तो उसकी जेब से 18.3 ग्राम स्मैक बरामद हो गई। बताया कि आरोपित की पहचान झूला बस्ती निवासी विशाल थापा के रूप में हुई है। विशाल मूलरूप से नेपाल का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में विशाल ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के बरेली से स्मैक लेकर उसे क्षेत्र के युवाओं को महंगे दामों में बेचता था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।




पुलिस हिरासत में स्मैक के साथ पकड़ा गया आरोपी

# भूखंड को लेकर वन विभाग व नगर निगम आमने- सामने

### ◆बदरीनाथ मार्ग बुद्धापार्क के समीप बनी थी वन विभाग की चौकी
### ◆शुक्रवार शाम नगर निगम ने भूखंड से हटाया खंडहर भवन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** बदरीनाथ मार्ग स्थित बुद्धा पार्क के समीप भूखंड को लेकर वन विभाग व नगर निगम आमने-सामने आ गए हैं। दरअसल, एक दिन पूर्व ही नगर निगम ने उक्त भूमि पर पार्किंग स्थल बनाने के लिए एक खंडहर कमरे को गिराया था। ऐसे में अब वन विभाग ने नगर निगम को पत्र भेजते हुए उक्त भूमि पर अपना अधिकार जताया है।

बुद्धापार्क के समीप स्थित भूमि पर वर्षों से एक खंडहर कमरा बना हुआ था। शुक्रवार देर शाम नगर निगम ने उक्त कमरे को जेसीबी से गिराते हुए भूमि को समतल कर दिया था। महापौर हेमलता नेगी ने बताया कि उक्त भूमि पर नगर निगम की ओर से दोपहिया व चारपहिया वाहनों का पार्किंग स्थल बनाया जा रहा है। कहा कि वन विभाग को नगर निगम के समक्ष भूमि के दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। यदि दस्तावेजों में भूमि वन विभाग की पाई जाती है तो वह उसको सौंप दी जाएगी। वहीं, प्रभागीय वनाधिकारी दिनकर तिवारी ने कहा कि वर्किंग प्लान के हिसाब से उक्त भूखंड वन विभाग का है। वन प्रभाग की अनुमति के बिना नगर निगम ने भूखंड पर खड़े कमरे को गिरा दिया। इस संबंध में नगर निगम को पत्र भेजकर भूमि पर किसी भी तरह का निर्माण कार्य नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।



बुद्धा पार्क के समीप वह भूखंड जिसपर नगर निगम व वन विभाग आमने—सामने आ गए हैं

## पदोन्नति न होने पर शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय शिक्षक संघ जनपद शाखा पौड़ी के आह्वान पर लंबे समय से प्रधानाचार्य व प्रवक्ता पदों पर पदोन्नति न होने से शुक्रवार को जनपद के समस्त शिक्षकों ने बाहों में काली पट्टी बांधकर सरकार के विरुद्ध विरोध दर्ज करते हुए शिक्षण कार्य किया।

संघ के पूर्व जिला मंत्री मनमोहन बताया कि लंबे समय से प्रदेश के अधिकांश विद्यालय प्रधानाचार्य व प्रवक्ता विहीन है जिसके कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है, साथ ही शिक्षा का स्तर भी गिरता जा रहा है। प्रभारी प्रधानाचार्य शिक्षण कार्य के साथ–साथ विद्यालय प्रभार एवं लिपिक का कार्य भी संभाले हुए हैं। संगठन लगातार शिक्षकों की पदोन्नति की मांग कर रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कुछ समय पहले पौड़ी में जनपद कार्यकारिणी की बैठक में सर्व सहमति से लिए गए निर्णय के अनुसार जनपद के सभी शाखाओं में प्रधानाचार्य एवं प्रवक्ता पदों पर पदोन्नति न करने एवं सीधी भर्ती से प्रधानाचार्य पदों को भरे जाने का विरोध करते हुए शुक्रवार को शिक्षकों ने बाहों में काली पट्टी बांधकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज किया। विरोध दर्ज करने वालों में विजेंदर तोमर, संजय रावत, मुकेश रावत, डबल सिंह रावत, धीरेंद्र सिंह रावत, आशीष खर्कवाल, परितोष रावत, हरीश जोशी, पूर्णचंद्र धूलिया, संदीप बिष्ट, सुरेश बिष्ट और विनोद पंत आदि शिक्षक शामिल थे।

# डीएम और सीडीओ एक क्लिक से देख सकेगें विभागों की जानकारी

### योजनाओं के उन्नमूलन के लिए पोर्टल तैयार करने के दिये निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलक्ट्रेट में एनआईसी के वीसी कक्ष में अंत्योदय कार्ड धारकों हेतु सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने अंत्योदय कार्ड धारकों के उन्नमूलन हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू कर लाभार्थियों के उन्नमूलन के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को एक पोर्टल तैयार करने के निर्देश दिये। विभागों द्वारा फीड की गई जानकारी मुख्य एडमिन डीएम/सीडीओ एक क्लिक के माध्यम से देख सकेंगे। उन्होंने कहा कि अंत्योदय कार्ड धारकों हेतु बनाए जा रहे इस पोर्टल से योजनाओं की दैनिक मोनीटरिंग व लाभार्थियों की इज आफ लिविंग एवं आर्थिकी में सुधार हेतु प्रभावी रूपरेखा तैयार करने में मदद मिलेगी।

शनिवार को आयोजित अंत्योदय लाभार्थी उन्नमूलन बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अंत्योदय कार्ड धारकों की आर्थिक स्थिति, उनके बच्चों की शिक्षा, लाभार्थियों हेतु योजनाओं की धरातल पर प्रगति आदि की वास्तविक स्थिति को वन क्लिक पर प्राप्त करने के लिए डीआईओ एनआईसी को एक हाईब्रिड पोर्टल तैयार करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि पोर्टल तैयार होने के बाद इसे जनपद के दो विकासखंडों में प्रायोजित तौर पर लागू किया जाएगा। इन विकासखंडों में पोर्टल की सफलता के बाद इसे समूचे विकासखंडों के लिए भी लागू किया जाएगा। जिलाधिकारी ने डीआईओ एनआईसी को निर्देश दिए कि पोर्टल पर त्वरित गति से कार्यवाही करें।

कहा कि पोर्टल में सभी रेखीय विभाग अपने-अपने विभाग की योजनाओं की प्रगति निर्धारित समय सीमा में पोर्टल पर अद्दतन करेंगे। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद उनियाल, सहायक बाल विकास अधिकारी चंद्रकांता के अलावा खंड विकास अधिकारी बीसी के




डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

# बड़खोलू और देवप्रयाग में लोगों के आवागमन के लिए लगेगी ट्राली

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल के देवप्रयाग और बड़खोलू में पुल का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक लोगों की आवाजाही के लिए ट्राली लगाई जाएगी। जिलाधिकारी ने देवप्रयाग पुल व बड़खोलू पुल का कार्य पूर्ण होने तक लोगों के आवगमन हेतु ट्राली लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन मार्गों पर कार्य करने की जरूरत है उनके प्रपोजल 5 जनवरी के अंदर प्रस्तुत करें, जिससे वहां समय पर कार्य पूर्ण किया जा सकेगा। शनिवार को आयोजित सड़क सुरक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने राष्ट्रीय राजमार्ग धुमाकोट अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि जहां-जहां मार्ग पर कार्य होना है वहां गुणवत्ता के साथ कार्य करें। उन्होंने लोनिवि के समस्त डीविजन, पीएमजीएसवाई, राष्ट्रीय राजामार्ग के अधिकारियों को जिन मार्गों पर सुधारीकरण का कार्य होना है उनके प्रपोजल जल्द तैयार करने के निर्देश दिये। कहा कि ऐसे मार्ग जहां अंधे मोड़, संकरा मार्ग, क्रैश बेरियर, साईनेज बोर्ड सहित अन्य कार्य करने की आवश्यकता है उन मार्गों का प्रपोजल तैयार करें। डीएम ने संबंधित अधिकारी से जनपद के पुलों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि जिन पुलों पर कार्य होना है उस पर आवश्यक कार्यवाही करें। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता लोनिवि पीएस बृजवाल, आरटीओ अनिता चंद, सहायक अभियंता लोनिवि रवि कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।









# डबल इंजन सरकार - बढ़ी विकास की रफ्तार




## युवा सपनों को साकार करती सरकार

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

### खेलों को मिल रहा बढ़ावा

- राज्य में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए नई खेल नीति लाई गई है।
- स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर को अंतराष्ट्रीय स्तर का स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय बनाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।
- मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना" में 08 से 14 वर्ष के उभरते खिलाड़ियों को ₹1500 प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति।
- कुल 3900 उभरते खिलाड़ियों जिसमें से 1950 बालकों एवं 1950 बालिकाओं को खेल छात्रवृत्ति दी।
- खेल छात्रावासों के खिलाड़ियों का दैनिक भत्ता ₹175 से बढ़ाकर ₹225 प्रति छात्र किया गया।
- ग्रामीण स्तर पर ओपन जिम के लिये 10 करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान।
- क्रिकेटर ऋषभ पंत को उत्तराखण्ड ब्रांड एम्बेसडर के रुप में सम्मानित करने से राज्य में खेल के क्षेत्र में युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।

### युवा प्रतिभा के साथ न्याय

- भर्तियों में घोटाले करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही। राज्य में पहली बार इतने बड़े पर कार्यवाही की गई।
- उत्तराखण्ड अधीनस्थ आयोग से भर्तियो को राज्य लोक सेवा आयोग को हस्तांतरित।
- राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा जारी कैलेण्डर के अनुसार पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ।
- वर्तमान में 7 हजार पदों पर भर्ती गतिमान। जल्द 19 हजार पदों पर भी शुरु की जाएगी भर्ती।
- स्वरोजगार के आवेदकों की सुविधा के लिए कैम्प लगाकर एक ही स्थान पर सारी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।
- राज्य के युवाओं को देश से बाहर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के लिये राज्य में विदेश रोजगार प्रकोष्ठ का गठन।
- संघ लोक सेवा आयोग, एन.डी.ए, सी.डी.एस एवं उसके समकक्ष लिखित परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थी को साक्षात्कार की तैयारी के लिये ₹50 हजार की वित्तीय सहायता।
- अतिथि शिक्षकों का वेतन ₹15 हजार से बढ़ाकर ₹25 हजार किया है।
- शिक्षा मित्रों का मासिक मानदेय ₹15 हजार से बढ़ाकर ₹20 हजार किया गया है।

**संकल्प नये उत्तराखण्ड का**



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

उत्तराखण्ड शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

एक ही लक्ष्य - एक ही सपना
सर्वश्रेष्ठ बने उत्तराखण्ड अपना

# डबल इंजन सरकार, बढ़ी विकास की रफ्तार



21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## संकल्प नये उत्तराखण्ड का

- प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरूप श्री केदारनाथ व श्री बदरीनाथ धाम का पुनर्निर्माण व पुनर्विकास। इस वर्ष रिकार्ड 45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किये।
- कुमाऊं के पौराणिक मन्दिरों के लिये मानसखण्ड मन्दिर माला की कार्ययोजना।
- होम स्टे योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती।
- चारधाम ऑल वेदर रोड से राहें हुई आसान। टनकपुर-पिथौरागढ़ भी शामिल।
- केंद्र सरकार से पौंटा साहिब-देहरादून, बनबसा-कंचनपुर, भानियावाला-ऋषिकेश, काठगोदाम-लालकुंआ-हल्द्वानी बाईपास और रुद्रपुर बाईपास परियोजनाओं की महत्वपूर्ण सौगात।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से कार्य गतिमान, टनकपुर-बागेश्वर और डोईवाला से गंगोत्री-यमुनोत्री रेललाइन के सर्वे पर सहमति।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोप-वे हेतु पर्वतमाला परियोजना, प्रधानमंत्री जी द्वारा गौरीकुण्ड - केदारनाथ और गोविंदघाट - हेमकुण्ड साहिब रोप-वे का शिलान्यास।
- दूरस्थ व सीमांत क्षेत्रों में 1202 मोबाइल टावर की स्वीकृति।
- जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के 7 लाख से अधिक परिवारों को पानी के कनेक्शन।
- दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत गांवों का शत प्रतिशत विद्युतिकरण।
- देहरादून में भव्य सैन्य धाम की स्थापना पर तेजी से काम, राज्य के वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों को देय एकमुश्त अनुदान में वृद्धि।
- रानीबाग (हल्द्वानी) स्थित एचएमटी की 45.33 एकड़ जमीन केन्द्र से उत्तराखण्ड को हस्तांतरित।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 9 लाख 38 हजार किसानों के खातों में लगभग 1767 करोड़ की राशि हस्तान्तरित की जा चुकी है।
- किसानों को तीन लाख रुपए और महिला स्वयं सहायता समूहों को बिना ब्याज के पांच लाख रुपए तक का ऋण।
- कोविड काल से दो साल में 600 से अधिक नये उद्योगों की स्थापना, 35 हजार करोड़ से अधिक का निवेश, 90 हजार से अधिक लोगों को मिला रोजगार।
- वोकल फॉर लोकल के लिये एक जनपद दो उत्पाद योजना लागू।
- समान नागरिक संहिता पर बढ़े कदम, समिति द्वारा ड्राफ्ट पर मंथन।
- भ्रष्टाचार पर रोक लगाने हेतु भ्रष्टाचार मुक्त एप-1064, सभी शिकायतों पर गम्भीरता से एक्शन।
- उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन, वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन की राशि में वृद्धि। आंगनबाड़ी और आशा बहनों के मानदेय में बढ़ोतरी।
- स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा में राज्य में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की शुरुआत।
- मुख्यमंत्री बालाश्रय योजनाः आपदा, महामारी एवं दुर्घटना के कारण अनाथ बच्चों की स्कूली शिक्षा की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा।
- आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना में सभी परिवारों को 5 लाख रुपये वार्षिक तक के निःशुल्क ईलाज की सुविधा।
- ऊधमसिंहनगर में एम्स का सैटेलाईट सेंटर की केंद्र से सहमति।
- राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से 7 हजार पदों पर पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ। जल्द 19 हजार पदों पर भी शुरु की जाएगी भर्ती।
- "मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना" में 08 से 14 वर्ष के उभरते खिलाड़ियों को 1500 रुपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति।



"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिए विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

## वीआईपी की वास्तविकता



उत्तराखंड के चर्चित अंकिता हत्याकांड को लेकर अभी भी कई अनसुलझे रहस्य उजागर होने हैं जिन पर से पर्दा नहीं उठ पा रहा है। उधर इस प्रकरण में उत्तराखंड की राजनीति भी गरमा रही है जबकि सरकार की ओर से इस संबंध में एसआईटी जांच पर ही पूरी तरह से भरोसा कर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। हालांकि विपक्ष से लेकर खुद अंकिता के परिजन केंद्रीय एजेंसी सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार की ओर से इस संबंध में सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पक्ष नजर नहीं आ रहा है। इधर अंकिता प्रकरण में एक वीआईपी की पहचान सबसे अधिक चर्चा में है लेकिन क्या वाकई कोई वीआईपी इस प्रकरण से जुड़ा हुआ भी है या नहीं, इस पर अभी कुछ भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। वीआईपी के नाम को लेकर चर्चाएं तब और गर्म हो गई जब विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने वीआईपी शब्द को किसी व्यक्ति से ना जुड़ा होकर एक कमरे को बताया और कहा कि रिजर्ट्स में वीआईपी कमरा था। यह बयान देकर विधानसभा अध्यक्ष विपक्ष के घेरे में आ गए हैं और विपक्ष ने उन पर आरोपियों को बचाने के आरोप भी लगा दी है। अंकिता प्रकरण एक ऐसे मामले से जुड़ा हुआ है जिसमें उत्तराखंड की एक लड़की ने अपने स्वाभिमान एवं चरित्र के साथ समझौता करने से इनकार किया तो उसकी कीमत उसे अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। अंकिता को रिसोर्ट के मालिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर नहर में दें क दिया जिसके बाद उसकी मौत हो गई। प्रकरण के बाद से ही राजनीति गरमाई और आरोपियों की भाजपा के साथ नजदीकी विपक्ष को एक मुद्दा दे गई। हालांकि हंगामा हुआ तो तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी हुई लेकिन इसी दौरान सबूतों को नष्ट करने एवं टेड़छाड़ जैसे मामले भी चर्चाओं में रहे। आरोपियों के जेल में होने के बावजूद वीआईपी के नाम को लेकर संशय बना हुआ है। एसआईटी की ओर से भी अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है जो यह पुष्टि कर सकेगी वाकई कोई वीआईपी प्रकरण से जुड़ा हुआ है भी या नहीं। कहीं ना कहीं वीआईपी के नाम को छिपाने का प्रयास तो किया ही जा रहा है और यह शायद तभी सामने आएगा जब अंकिता से जुड़ा यह प्रकरण केंद्रीय एजेंसी को सौंपा जाएगा। बेलहर राज्य सरकार एसआईटी जांच से संतुष्ट है और ऐसा एसआईटी दावा कर रही है कि कोई भी सबूत ना तो नष्ट किया गया है और ना ही छिपाया गया है। इन परिस्थितियों में आने वाले दिनों में वीआईपी की वास्तविकता सामने आ पाएगी इस पर संदेह ही है।

# नेपाल की नई सरकार और भारत

**भारत और नेपाल के बीच भारतीय सेना की गोरखा बटालियन में गोरखा सैनिकों की भर्ती के मुद्दे पर भी तनातनी की स्थिति बनी हुई है। नेपाल नाराज है कि भारत सरकार ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को लेकर उससे चर्चा तक नहीं की। नेपाली विदेश मंत्री नारायण खड़के नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव से मिलकर इस योजना के तहत नेपाली युवकों की भर्ती की योजना को स्थगित करने की मांग कर चुके हैं।**

**नेपाल का आरोप है कि अग्निपथ योजना नवम्बर, 1947 में भारत-ब्रिटेन एवं नेपाल के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते का उल्लंघन है। हालांकि, भारत ने नेपाल को आश्वस्त किया है कि अग्निपथ योजना के सारे फायदे, जो भारतीय युवाओं को मिलेंगे, नेपाल के गोरखाओं को भी हासिल होंगे। थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की नेपाल की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिश की गई थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका।**



**डा.एनक़ के.सोमानी**

कम्युनिस्ट पार्टी नेपाल-माओवादी सेंटर (सीपीएन-एमसी) के मुखिया पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड नेपाल के नये प्रधानमंत्री होंगे। रविवार को तेजी से बदले सियासी घटनाक्रम में उस वक्त नाटकीय मोड़ आ गया जब गठबंधन सरकार में शामिल प्रंचड पाला बदल कर ओली के खेमे में चले गए थे। दोनों नेताओं के बीच सरकार निर्माण के साथ-साथ प्रधानमंत्री पद के लिए प्रचंड के नाम की सहमति बनी। प्रचंड तीसरी बार नेपाल के पीएम बन रहे हैं। पहली बार 2008-09 और दूसरी बार 2016-17 तक नेपाल के पीएम रह चुके हैं।

नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा के लिए नवम्बर में चुनाव हुए थे। चुनाव नतीजों में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला। मौजूदा प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस को सबसे अधिक 80 सीटें मिलीं। ओली की पार्टी को 78 सीट और प्रचंड की पार्टी को महज 30 सीटें मिली हैं। इसके बावजूद वे नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में पहले ढाई साल के लिए पीएम बनना चाहते थे। दूसरी ओर, नेपाली कांगेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सरकार का नेतृत्व करने पर अड़ी हुई थी। उधर, राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी द्वारा प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए निर्धारित समय सीमा रविवार को शाम पांच बजे समाप्त हो रही थी। देउबा के साथ बातचीत विफल होने के बाद प्रचंड प्रधानमंत्री पद के समर्थन के लिए कम्युनिस्ट पार्टी अफ नेपाल-यूनाइटेड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के निजी आवाज पर पहुंचे जहां दोनों नेताओं के बीच सरकार निर्माण के फार्मूले पर सहमति हुई।

सहमति की शर्त के मुताबिक सीपीएन-यूएमएल समेत छह पार्टियों के समर्थन से प्रचंड पहले ढाई साल के लिए नेपाल की कमान संभालेंगे और अगले ढाई साल के लिए सीपीएन-यूएमएल के नेता केपी शर्मा ओली नेपाल के पीएम होंगे। प्रचंड के ओली के गठबंधन में शामिल होने के बाद नेपाल की तीनों प्रमुख कम्युनिस्ट पार्टियों के नेता प्रचंड, ओली और माधव कुमार नेपाल एक खेमे में आ गए हैं। प्रचंड और ओली, दोनों भारत विरोधी माने जाते हैं। ऐसे में सवाल है कि आने वाले दिनों में भारत-नेपाल संबंध किस दिशा में आगे बढ़ेंगे। यह सवाल इसलिए वाजिब लग रहा है क्योंकि अपने प्रचार अभियान के दौरान ओली कह चुके हैं कि अगर वे सत्ता में आते हैं, तो भारत के क्षेत्र कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को वापस लेकर आएंगे। ये क्षेत्र सदियों से भारत के पास हैं। अब प्रचंड के साथ ओली सत्ता में हैं, तो निश्चित ही चुनावी वादा पूरा करने के लिए भारत के साथ तनाव को हवा देंगे। दूसरा, ओली की चीन परस्ती पहले से ही जग जाहिर है। हालांकि, नेपाली कांग्रेस के साथ काम करते हुए प्रचंड के भारत विरोध रुख में बदलाव आया है। फिर भी सवाल तो परेशान करता ही है कि अगर प्रचंड का चीन प्रेम जाग उठा तो भारत, नेपाल के रास्ते आने वाली रणनीतिक चुनौतियों से कैसे निबट सकेगा।

नवम्बर, 2019 में जब नेपाल में ओली की सरकार थी, उस वक्त कालापानी इलाके पर नेपाल ने दो टूक कह दिया था कि भारत को इस क्षेत्र से अपनी सेना हटा लेनी चाहिए। उस वक्त भी सवाल उठा था कि ओली की आक्रामक भाषा के पीटे कहीं चीनी मनसूबे तो काम नहीं कर रहे। हालांकि, 2014 में नरेन्द्र मोदी की नेपाल यात्रा के दौरान तत्कालीन नेपाली प्रधानमंत्री कोइराला ने कालापानी का मुद्दा उठाया था और कालापानी पर नेपाल का अधिकार बताते हुए इसे हल करने की अपील की थी।

1996 में कालापानी इलाके के संयुक्त विकास के लिए महाकाली संधि के तुंरत बाद नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियों ने कालापानी पर दावा करना शुरू कर दिया। उधर, चीन लंबे समय से इस इलाके पर कब्जा करने की कोशिश करता रहा है। चीन की शह पर ही नेपाल में जब-तब कालापानी को लेकर प्रदर्शन होते रहे हैं। यह वही जगह है जहां भारत 1962 के युद्ध में चीन के समक्ष मजबूती से डटा हुआ था। भारत को डर है कि अगर कालापानी नेपाल के अधिकार क्षेत्र में चला गया तो चीन वहां अपने पांव जमा लेगा। भारत की घेराबंदी में जुटे चीन की भी यही मंशा है।

चीन की महवाकांक्षी परियोजना वन बेल्ट वन रोड में सहयोगी होने और व्यापारिक हितों के कारण नेपाल का झुकाव भारत से कहीं अधिक चीन की ओर है। नवम्बर, 2019 में पीएम मोदी ने काठमांडू में हुए बिम्सटेक देशों के सामने सैन्य अभ्यास का प्रस्ताव रखा तो ऐन वक्त पर चीन के दबाव में नेपाल ने सैन्य अभ्यास में शामिल होने से इंकार कर दिया जबकि बाद में उसने चीन के साथ सैन्य अभ्यास में भाग लिया था। भारत और नेपाल के बीच भारतीय सेना की गोरखा बटालियन में गोरखा सैनिकों की भर्ती के मुद्दे पर भी तनातनी की स्थिति बनी हुई है। नेपाल नाराज है कि भारत सरकार ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को लेकर उससे चर्चा तक नहीं की। नेपाली विदेश मंत्री नारायण खड़के नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव से मिलकर इस योजना के तहत नेपाली युवकों की भर्ती की योजना को स्थगित करने की मांग कर चुके हैं।

नेपाल का आरोप है कि अग्निपथ योजना नवम्बर, 1947 में भारत-ब्रिटेन एवं नेपाल के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते का उल्लंघन है। हालांकि, भारत ने नेपाल को आश्वस्त किया है कि अग्निपथ योजना के सारे फायदे, जो भारतीय युवाओं को मिलेंगे, नेपाल के गोरखाओं को भी हासिल होंगे। थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की नेपाल की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिश की गई थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

अब भारत ने भी दो टूक कह दिया है कि अगर नेपाली गोरखा अग्निवीर बनने के लिए नहीं आते हैं, तो उनकी खाली जगह को भारत में रह रहे गोरखाओं से भरा जाएगा। अभी 30 हजार से अधिक गोरखा भारतीय सेना में हैं। नेपाल में अग्निपथ योजना के तहत 1300 सैनिकों की भर्ती की जानी है।

हालांकि, भारत और नेपाल, दोनों समान संसति और मूल्यों वाले पड़ोसी हैं। इसके बावजूद दोनों देशों के संबंध निर्धारित दायरे से बाहर नहीं निकल पाए हैं, तो इसकी बड़ी वजह कहीं न कहीं नेपाल का चीन प्रेम ही है। ओली के समर्थन से बन रही नेपाल की नई सरकार भारत के साथ रिश्तों को किस तरह आगे बढ़ाती है, यह अगले कुछ दिनों में स्पष्ट हो जाएगा।

# वर्ष 2022 में वैश्विक स्तर पर उभरा मध्यप्रदेश

**परिवर्तनकारी निर्णय: जनजातीय समुदाय के हित में पेसा कानून लागू करना सरकार का अभूतपूर्व निर्णय है। पेसा एक्ट जनजातीय समाज को सफलता के शिखर पर ले जायेगा। जनजातीय बहुल विकासखंडों में पेसा एक्ट लागू होने से जनजातीय समुदाय को जल, जंगल और जमीन का हक मिलेगा। पेसा एक्ट के माध्यम से जनजातीय वर्ग की जिंद्गी बदलने का काम शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री चौहान ने इसे महा अभियान का स्वरूप दिया है। हर गाँव में समितियाँ बनेगी। इन समितियों में एक तिहाई सदस्य महिलाएँ होंगी। ग्राम सभाओं को अपने गाँव की जल, जंगल और जमीन के उपयोग का पूरा अधिकार होगा। छल-कपट से छीनी गई जमीन पर जनजातीय समाज को दोबारा अधिकार दिलवायेगा। गाँव की रेत, गिट्टी, पत्थर पर पहला हक जनजातीय सहकारी समितियों का होगा।**

मध्यप्रदेश के लिये वर्ष 2022 कई अर्थों में ऐतिहासिक रहा। जन-मानस के स्मृति पटल पर कई घटनाएँ वर्षों तक अंकित रहेंगी। कोविड की चुनौतियों को परास्त करते हुए वर्ष 2022 की शुरूआत से ही मध्यप्रदेश ने नया इतिहास लिखना शुरू कर दिया था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश की नींव मजबूत करने की शुरुआत हुई। मध्यप्रदेश के समकालीन सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय इतिहास में ऐसी अभूतपूर्व घटनाएँ 2022 में हुई, जो वैश्विक स्तर पर भी छाई रही।

0-चीतों की पुनर्स्थापनारूपालपुर कूनो राष्ट्रीय उदयान में चीतों की पुनर्स्थापना का सपना सच हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को अपने जन्म-दिन पर पालपुर कूनो में नामीबिया से लाए चीतों को छोड़ा। यह विश्व के वन्य-जीव इतिहास की अनूठी और अभूतपूर्व घटना थी। इससे मध्यप्रदेश को वैश्विक मानचित्र पर गौरवशाली स्थान मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर कहा कि भारत में चीतों की वापसी से अब जैव विविधता की टूटी कड़ी पुनरू जुड़ गई है। भारत की प्रति प्रेमी चेतना भी पूरी शक्ति से जाग्रत हो गई है। आज भारत की धरती पर चीता लौट आया है। आजादी के अमृत महोत्सव में देश नई ऊर्जा के साथ चीतों के पुनर्वास के लिए जुट गया है। उन्होंने यह भी सीख दी कि प्रति और पर्यावरण के सरंक्षण में ही भविष्य सुरक्षित है।

0-इंदौर के मडल ने विश्व का ध्यान आकर्षित कियारूइंदौर में पर्यावरणीय इतिहास का नया अध्याय शुरू हुआ। शहरों को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने के इंदौर मडल ने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया। अन्य शहरों के लिए प्रेरणा बनेगा। इंदौर के देवगुराडिया क्षेत्र में कभी कूड़े के पहाड़ थे, अब 100 एकड़ की डंप साइट ग्रीन जोन में परिवर्तित हो गई है। इंदौर में गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट बनने से वेस्ट-टू-वेल्थ तथा सर्कुलर इकोनामी की परिकल्पना साकार हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से इंदौर में गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट का लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री ने ग्लासगो जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में वर्ष 2070 तक कार्बन उत्सर्ज को नेट जीरो करने का लक्ष्य दोहराया। इसमें मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में अपना योगदान दे रहा है। लक्ष्य बड़ा है लेकिन शुरूआत उत्साहजनक और ऊर्जा से भरपूर है।

महाकाल लोक की धूमरूप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उज्जैन में श्महाकाल लोक का लोकार्पण भारत के आध्यात्मिक इतिहास की अभूतपूर्व घटना है। प्रधानमंत्री के अनुसार भारत के सांस्तिक वैभव की पुनर्स्थापना का लाभ न केवल भारत को अपितु पूरे विश्व एवं समूची मानवता को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने अपने आध्यात्मिक ओजपूर्ण उदबोधन में कहा कि श्महाकाल महालोक दिव्य है। यहाँ सब कुछ अलौकिक, अविस्मरणीय एवं अविश्वसनीय है। महाकाल की आराधना अन्त से अनन्त की यात्रा है, आनन्द की यात्रा है, इससे काल की रेखाएँ भी मिट जाती हैं। महाकाल लोक आने वाली कई पीढियों को अलौकिक दिव्यता और सांस्तिक ऊर्जा की चेतना प्रदान करेगा। उन्होंने इस अद्भुत कार्य के लिये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मन्दिर समिति का अभिनन्दन किया।

परिवर्तनकारी निर्णयरूजनजातीय समुदाय के हित में पेसा कानून लागू करना सरकार का अभूतपूर्व निर्णय है। पेसा एक्ट जनजातीय समाज को सफलता के शिखर पर ले जायेगा। जनजातीय बहुल विकासखंडों में पेसा एक्ट लागू होने से जनजातीय समुदाय को जल, जंगल और जमीन का हक मिलेगा। पेसा एक्ट के माध्यम से जनजातीय वर्ग की जिंद्गी बदलने का काम शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री चौहान ने इसे महा अभियान का स्वरूप दिया है। हर गाँव में समितियाँ बनेगी। इन समितियों में एक तिहाई सदस्य महिलाएँ होंगी। ग्राम सभाओं को अपने गाँव की जल, जंगल और जमीन के उपयोग का पूरा अधिकार होगा। छल-कपट से छीनी गई जमीन पर जनजातीय समाज को दोबारा अधिकार दिलवायेगा। गाँव की रेत, गिट्टी, पत्थर पर पहला हक जनजातीय सहकारी समितियों का होगा।

गौण वन संपदा जैसे अचार की गुठली, महुए का फूल, महुए की गुल्ली, हर्रा, बहेड़ा, बाँस, आंवला,तेन्दूपत्ता आदि को बेचने, बीनने और इनके मूल्य निर्धारण का अधिकार भी अब ग्राम सभा के पास होगा। साथ ही ग्राम सभा,अमृत सरोवर और तालाबों का प्रबंधन भी करेगी। तालाबों में सिंघाड़ा उगाने, मछली पालन और मत्स्याखेट की सहमति भी ग्राम सभा देगी।

0-एक साल में एक लाख पदों पर भतीर्रूवर्ष 2022 में प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिये मिशन के रूप में कार्य करते हुए आगामी 1 वर्ष में 1 लाख पदों पर भर्ती का बड़ा निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना और संत रविदास स्व-रोजगार योजना में विगत एक वर्ष में 31 लाख 19 हजार से अधिक स्व-रोजगार के अवसर सृजित किये गये।

मध्यप्रदेश की तारीफरूछतरपुर में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन बढ़ाने के प्रयास को प्रधानमंत्री मोदी ने छतरपुर जिले की बड़ी उपलब्धि और दूसरे जिलों के लिए सीखने योग्य प्रयास बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कुपोषण को दूर करने के लिए दतिया जिघ्ले में चलाए गए मेरा बच्चा अभियान की सफलता पर अभियान की प्रशंसा की। मेरा बच्चा अभियान से न सिफर्ध आँगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ी बल्कि कुपोषण भी कम हुआ है।

भारत सरकार की जल जीवन मिशन योजना में वित्त वर्ष 2021-22 में केन्द्रांश- राज्यांश की राशि के व्यय में मध्यप्रदेश 2,790 करोड़ की राशि का उपयोग कर प्रथम स्थान पर है। हर घर जल उपलब्ध करवाने में मध्यप्रदेश तीसरे स्थान पर है।

आर्थिक क्षेत्र में भी प्रदेश की उल्लेखनीय सफलता वर्ष 2022 में रेखांकित हुई है। हाल ही में मध्यप्रदेश के प्रवास पर आई केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने भी इसके लिये प्रदेश की सराहना की। वित्तीय और लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन (पीएएम) के क्षेत्र में प्रदेश आगे रहा है। आर्थिक वृद्धि दर 19.74 प्रतिशत रही, जो देश में सर्वाधिक है। प्रदेश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। वित्तीय प्रबंधन में राज्य ने अनेक नवाचार कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किये। आत्म-निर्भर भारत में मध्यप्रदेश अपना बेहतर योगदान दे रहा है।

## चीन, चुनौती और चेतावनी



**चीन और पाकिस्तान ने मिल कर अब एक मोर्चा बना लिया है। यानी जब कभी युद्ध होगा, तो भारत को इन दोनों देशों के खिलाफ एक साथ लडना होगा। दूसरी बात उन्होंने यह कही है कि चीन आर्थिक और तकनीकी रूप से लगातार मजबूत हो रहा है, जबकि भारत में आपसी झगड़े हैं, एक दूसरे खिलाफ नफरत है और भ्रम का माहौल है। दूसरी बात को सत्ताधारी पार्टी अपनी आलोचना समझेगी, इसलिए जाहिर है कि वह पहली बात पर भी ध्यान नहीं देगी। लेकिन यह हकीकत है कि अब दो ढाई मोर्चों (चीन, पाकिस्तान दो पूरे और आतंकवाद आधा) पर युद्ध की बात पुरानी हो चुकी है। पाकिस्तान में चीन-पाकिस्तान इकनमिक करिडोर परियोजना के तहत चीन ने अपना इतना बड़ा स्वार्थ पैदा कर लिया है कि पाकिस्तान की रक्षा में उसका अपना हित शामिल हो गया है। उधर चीन से युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान को उसी समय अपने रणनीतिक हित साध लेने का मौका नजर आएगा।**

चीन से पेश आ रही चुनौती को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जो कहा है, वह काबिल-ए-गौर है। बेहतर होगा कि सरकार उस पर ध्यान दे- हालांकि आज के माहौल में ऐसा सचमुच होगा, इसकी संभावना न्यूनतम है। राहुल गांधी ने मोटे तौर पर दो बातें कही हैं। पहली यह कि चीन और पाकिस्तान ने मिल कर अब एक मोर्चा बना लिया है। यानी जब कभी युद्ध होगा, तो भारत को इन दोनों देशों के खिलाफ एक साथ लडना होगा। दूसरी बात उन्होंने यह कही है कि चीन आर्थिक और तकनीकी रूप से लगातार मजबूत हो रहा है, जबकि भारत में आपसी झगड़े हैं, एक दूसरे खिलाफ नफरत है और भ्रम का माहौल है। दूसरी बात को सत्ताधारी पार्टी अपनी आलोचना समझेगी, इसलिए जाहिर है कि वह पहली बात पर भी ध्यान नहीं देगी। लेकिन यह हकीकत है कि अब दो ढाई मोर्चों (चीन, पाकिस्तान दो पूरे और आतंकवाद आधा) पर युद्ध की बात पुरानी हो चुकी है। पाकिस्तान में चीन-पाकिस्तान इकनमिक करिडोर परियोजना के तहत चीन ने अपना इतना बड़ा स्वार्थ पैदा कर लिया है कि पाकिस्तान की रक्षा में उसका अपना हित शामिल हो गया है। उधर चीन से युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान को उसी समय अपने रणनीतिक हित साध लेने का मौका नजर आएगा।

इसलिए अगर कभी युद्ध हुआ, तो भारत की सेना को अरुणाचल से लद्दाख और राजस्थान से जम्मू-कश्मीर की सीमाओं पर एक साथ मोर्चा संभालना होगा। अगर भारत ने इस पूरे परिदृश्य को ध्यान में रख कर तैयारी नहीं की तो, जैसाकि राहुल गांधी ने आशंका जताई है, भारत को बड़ा नुकसान हो सकता है। अगर देश की आर्थिक और तकनीकी प्रगति की अवस्था देखें, तो सूरत और चिंताजनक नजर आती है। जब ऐसी चुनौतियां खड़ी हों, तब एक ही रास्ता बचता है कि पूरा देश चुनौती का सामना करने के लिए एकजुट संकल्प ले और उसके लिए हर कुर्बानी देते हुए तैयारी करे। इस बड़े संकल्प अभियान का नेतृत्व बेशक सरकार और सत्ताधारी पार्टी को ही करना होगा। लेकिन अगर वे देश में हर असहमत आवाज को देशद्रोही करार देने पर तुले हों, यह वाजिब प्रश्न है कि ऐसा करना कैसे संभव हो पाएगा?

# दांतों की झनझनाहट बनती हैं बड़ी परेशानी, इन उपायों से मिलेगी आपको राहत

सर्दियों का मौसम जारी हैं जहां शरीर को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। इन्हीं परेशानियों में से एक हैं दांतों की झनझनाहट जो कुछ ठंडा या गर्म खाने पर इन दिनों में बढ़ जाती हैं। इसे टूथ सेंसिटिविटी या डेंटिन हाइपरसेंसिटिविटी कहा जाता है। यह झनझनाहट सीधे आपके नर्वस सिस्टम को हिट करती है जिससे आपको दांतों में दर्द महसूस होता है। दांतों की सेंसटिविटी एक बहुत ही आम समस्या है जो किसी ड्डी उम्र के लोगों को हो सकती हैं। इससे आपको कुछ ड्डी खाने में तकलीफ होती हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे उपायों की जानकारी लेकर आए हैं जिनकी मदद से दांतों की झनझनाहट को दूर किया जा सकता हैं। आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में..

लौंग का तेल

लौंग में पाए जाने वाले तत्व सूजन को कम करते हैं। कीटाणुओं को खत्म कर सकते हैं। ऐसे में दांत दर्द की समस्या होने पर लौंग का तेल इस्तेमाल कर सकते हैं। दांतों में जहां दर्द हो रहा हो या मसूड़ों में सूजन हो, वहां लौंग का तेल लगा लें। इससे आपको जल्द आराम मिल सकता है।



**अयल पुलिंग** यह एक आयुर्वेद तकनीक है जो दांतों की संवेदनशीलता को ठीक करने में मदद करती है। इसके लिए आप तिल और नारियल का तेल ट्राय कर सकती हैं। थोड़ा अयल मुंह में रखें और कुछ मिनट के लिए रहने दें। फिर इसे निकाल दें।**लहसुन** दांतो की झनझनाहट से राहत पाने के लिए लहसुन को काटकर सीधे अपने दांत के इफेक्टेड एरिया पर लगाया जा सकता है। लहसुन में एलिसिन होता है जो बैक्टीरिया को कम करता है और दर्द को शांत करता है। अगर आप पेस्ट खुद बनाना पसंद करते हैं, तो आप लहसुन की एक कली को पानी की कुछ बूंदे और आधा चम्मच नमक के साथ मिला सकते हैं। इससे दांतो की झनझनाहट और दर्द से पूरी तरह आराम मिल सकता है।**हल्दी** दांतों की संवेदनशीलता और दर्द को कम करने के लिए, आप प्रड्डाावित हिस्से में हल्दी की मालिश कर सकते हैं। इसके अलावा, आधा चम्मच हल्दी लें, इसमें नमक और सरसों का तेल मिलाएं। इसे एक साथ मिलाकर पेस्ट बनाए। इस पेस्ट को दिन में दो बार दांतों पर लगाएं।**शहद** शहद में ड्डारपूर मात्रा में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो दांतों के दर्द, सूजन को ड्डी कम करने में मदद करता है। इसके लिए एक कप गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद डालकर रोजाना इससे कुल्ला करें।**नमक के पानी से कुल्ला** नमक के पानी से रोज दो बार कुल्ला करने से दांतों की झनझनाहट और दर्द से निजात मिल जाती है। नमक एक नेचुरल एंटीसेप्टिक है जिससे सूजन कम हो जाता है। आप एक कप गर्म पानी में नमक मिलाएं और उसी पानी से कुल्ला करें।

**प्याज** प्याज कई बीमारियों का रामबाण इलाज है। प्याज में एंटीमाइक्रोबियल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रपर्टीज ड्डारपूर मात्रा में मिलता है, जो दर्द में आराम दे सकता है।

# आजाद की पार्टी में संकट

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे गुलाम नबी आजाद ने बड़े धूम धड़ाके से अपनी पार्टी का गठन किया था। कांग्रेस के कई दिग्गज नेता पार्टी छोड़ कर उनके साथ जुड़े थे, जिसमें पूर्व उप मुख्यमंत्री ताराचंद भी शामिल थे। पूर्व मंत्री मनोहर लाल शर्मा और जम्मू इलाके के कई बड़े नेता उनके साथ जुड़े थे। उनकी डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी को कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के लिए बड़ा खतरा बताया गया था। लेकिन अब खुद आजाद की पार्टी संकट में है। कुछ नेताओं को वे पार्टी से निकाल रहे हैं तो बड़ी संख्या में नेता उनकी पार्टी छोड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनके सख्त व अलोकतांत्रिक रवैए से पार्टी के नेता नाराज हैं तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा कश्मीर पहुंचने से पहले कांग्रेस के कई पुराने नेता वापसी की तैयारी कर रहे हैं।

असल में प्रदेश के नेताओं को लग रहा है कि आजाद की पार्टी का भविष्य नहीं है। चुनाव से पहले भाजपा के साथ उनका तालमेल नहीं होगा और दूसरी ओर पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के साथ मिल कर लडने की ज्यादा संभावना है। इसलिए जम्मू क्षेत्र के जो हिंदू नेता आजाद के साथ जुड़े थे या तो वे सीधे भाजपा से जुड़ जाएंगे या कांग्रेस में लौट जाएंगे। बहरहाल, आजाद ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के नाम पर ताराचंद को पार्टी से निकाला, जो एक बड़े दलित नेता हैं। उनके अलावा मनोहर लाल शर्मा, विनोद शर्मा जैसे नेता हटाए गए, जिसके बाद 126 नेताओं ने पार्टी छोड़ दी। पार्टी छोडने वालों में एमके भारद्वाज भी थे, जो जम्मू कश्मीर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। कहा जा रहा है कि राहुल की यात्रा कश्मीर पहुंचेगी तो आजाद की पार्टी के और भी नेता कांग्रेस में शामिल होंगे।

## 600 साल के इतिहास में पहली बार इस्तीफा देने वाले पूर्व पोप का निधन

**वैटिकन सिटी एजेंसी,।** पोप एमेरिटस बेनेडिक्ट 16वें का 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 2013 में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। 600 साल के इतिहास में वह इस्तीफा देने वाले पहले पोप थे। उनसे पहले सन 1415 में सिर्फ पोप ग्रेगरी 12वें थे जिन्होंने अपना इस्तीफा दिया था। कई दिनों से पोप एमेरिटस बेनेडिक्ट की हालत बेहद गंभीर थी। वेटिकन ने एक दिन पहले ही बताया था कि पोप की हालात स्थिर है। उन्होंने कमरे में निजी प्रार्थना सभा में हिस्सा भी लिया था। कहा गया था कि वह ठीक हैं और ठीक से आराम करने में भी सक्षम हैं, हालांकि पिछले कई दिनों से लगातार उनके स्वास्थ्य में गिरावट आ चुकी थी। आज उनका निधन हो गया। 2013 तक वह पोप थे। पोप बेनेडिक्ट के बाद में पोप फ्रांसिस आए हैं जो वर्तमान में भी हैं। पोप बेनेडिक्ट ने आठ साल से कुछ कम समय तक दुनिया भर में कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया। पोप बेनेडिक्ट से पहले पोप जन पौल द्वितीय थे जिनका कार्यकाल उनके निधन के साथ 2 अप्रैल 2005 में खत्म हुआ था।

## जापान में भूस्खलन आने की वजह से हुए दो लोग घायल

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के पूर्वोत्तर हिस्से में यामागाता प्रांत में जहां भूस्खलन की चपेट में आने से 10 इमारतें ध्वस्त हो गयीं वहीं इस दुर्घटना में कम से कम दो लोग जख्मी हो गये।

एनएचके ब्रडकास्टर की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया कि शनिवार तड़के सुरूओका शहर में एक पहाड़ी के दरक जाने से 70 साल के एक बुजुर्ग और 60 वर्षीय महिला जख्मी हो गयी, दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भूस्खलन के कारण पहाड़ी का मलबा घरों सहित 10 इमारतों पर गिरा और सभी इमारतें मलबे में दबकर ध्वस्त हो गयीं। बताया जा रहा है कि मलबे में दबे कुछ स्थानीय लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। तलाश अभियान जारी है।

## कोरियाई क्षेत्र में तनाव, साल के आखिरी दिन उत्तर कोरिया ने जापान की ओर दागीं मिसाइलें

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रहा है। दक्षिण कोरिया की सेना ने बताया कि उत्तर कोरिया ने आज शनिवार को कोरियाई प्रायद्वीप के जापान सागर में एक नहीं बल्कि तीन बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। यह उत्तर कोरिया की ओर से इस साल किए गए कई मिसाइल परीक्षणों में से एक है। एक दिन पहले ही उत्तर कोरिया की ओर से ड्रोन भेजा गया था।

उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरियाई हवाई क्षेत्र में कथित रूप से ड्रोन भेजने कारण बढ़े तनाव के बीच शनिवार को अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कम दूरी की तीन बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।


## 11 बिल्डरों पर रेरा ने लगाया 1.77 करोड़ का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश भू संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने अपनी 112 वीं बैठक में आदेश का पालन नहीं करने पर 11 बिल्डरों पर 1.77 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। कार्रवाई से पहले बिल्डर को कई बार चेतावनी दी गई थी।

सभी बिल्डर को 1 माह के अंदर जुर्माने की राशि जमा करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही 15 दिन के अंदर आदेशों का पालन कर यूपी रेरा को रिपोर्ट देने को कहा गया है।

# नए साल पर जश्न में डूबी है दुनिया, लेकिन धरती की तरफ बढ़ रही एक 'आफत'!

### नासा ने जारी किया अलर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नासा समय -समय पर हमें स्पेस में हो रहे बदलावों और नए इससे जुड़ें अपडेट के बारे में जानकारी देता रहता है। चाहे वो कोई खतरा हो या कोई अन्य विकास। इस बार भा नासा ने हमें धरती की तरफ आती नई आफत के लिए सावधान किया है। बता दें कि नए साल 2023 के अवसर पर, 72 फुट का एक विशाल क्षुद्रग्रह एस्टोराइड पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है। नासा ने इसकी गति, पृथ्वी से दूरी जैसी जानकरी दी है।

हमारा स्पेस या यूं कहे कि अंतरिक्ष क्षुद्रग्रहों, धूमकेतुओं, उल्काओं जैसे कई एलीमेंट से भरा हुआ है, जो कभी-कभी अपने अर्बिट में यात्रा करते समय पृथ्वी के निकट आ सकते हैं। पृथ्वी के आसपास की वस्तुएं भी इसके गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के कारण ग्रह की ओर आकर्षित होती हैं।

इस बार 1 जनवरी को जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाने में व्यस्त होगी, तब एक बड़ा ग्रह धरती की ओर आ रहा होगा। बता दें कि नासा ने 72 फुट के एक विशाल क्षुद्रग्रह के बारे में अलर्ट जारी किया है, जो बहुत ही तोज गति से पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है।

नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 2022 वाईआरआ-ई नाम का 72 फुट का क्षुद्रग्रह 1 जनवरी, 2023 को 6250000 किलोमीटर की दूरी के साथ पृथ्वी के सबसे करीब पहुंचेगा। हवाई जहाज के आकार का यह क्षुद्रग्रह 21744 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से घूम रहा है। क्या यह क्षुद्रग्रह हमारे लिए खतरनाक है? नहीं, यह बस धरती के पास से गुजरेगा, भले ही अंतरिक्ष चट्टान और पृथ्वी के बीच की दूरी बहुत कम हो।

क्षुद्रग्रहों की गति को ट्रैक करने के लिए, नासा ने अंतरिक्ष में कई पृथ्वी और आकाश-आधारित तकनीकों जैसे टेलीस्कोप, सैटेलाइट तैयार किया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बड़े पैमाने पर क्षुद्रग्रहों की गति पर नजर रखना बहुत जरूरी है। अगर कोई विशाल क्षुद्रग्रह पृथ्वी की तरफ बढ़ते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है, तो यह उस क्षेत्र के एक बड़े हिस्से के लिए बहुत विनाशकारी हो सकता है जो इसे प्रभावित करता है और इसके प्रभाव को दुनिया भर में भी महसूस किया जा सकता है।

## करंट से दस साल के बच्चे की याददाश्त गई

**कोप्पल (एजेंसी)।** कर्नाटक पुलिस ने राज्य के कोप्पल जिले के करतागी तालुक के मिलापुरा गांव में करंट से एक 10 वर्षीय लड़के की याद्दाश्त खोने और गंभीर रूप से घायल होने के मामले में एक ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान महादेवप्पा और घायल लड़के वीरेश के रूप में हुई है। पिछले सप्ताह खेलते समय उन्हें करंट लग गया था। पुलिस ने बताया कि पूरे खेल के मैदान में बिजली के तार फैले हुए थे।

पुलिस के अनुसार घटना खेल के मैदान में अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर पानी की टंकी के निर्माण के समय हुई थी। पुलिस ने बताया कि ठेकेदार ने पोल से अवैध रूप से कनेक्शन लिया था।

ग्रामीणों ने लापरवाही के लिए जिला पंचायत के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है।

## 1.5 लाख से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र चालू : स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने वाली एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में भारत ने उल्लेखनीय मील का पत्थर पार कर लिया है, 31 दिसंबर से पहले 150,000 आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) चालू हो गए हैं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने इस उपलब्धि पर देश को बधाई दी और कहा कि भारत ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, उसे सफलतापूर्वकहासिल कर लिया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को हकीकत में बदलते हुए राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के सामूहिक और सहयोगात्मक प्रयासों ने भारत को सुनिश्चित और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वैश्विक मडल में बदल दिया है।

मंडाविया ने ट्वीट किया- 1,50,000 स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र! पीएम नरेंद्र मोदी जी ने दिसंबर 2022 तक देश में 15 लाख एबी-एचडब्ल्यूसी शुरू करने का लक्ष्य रखा था। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आज हमने यह लक्ष्य हासिल कर लिया है। ये केंद्र निश्चित रूप से नागरिकों की प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रयासों की सराहना की और ट्वीट को रीट्वीट करते हुए कहा, स्वस्थ नागरिकों में ही भारत की समृद्धि निहित है। रिकर्ड संख्या में स्थापित ये स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र इस दिशा में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे।

## पीएम मोदी के भाई की कार दुर्घटना का मामला: ड्राइवर के खिलाफ कर्नाटक में मामला दर्ज

**मैसूर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई और उनके परिवार के सदस्यों की कार दुर्घटना में घायल होने के मामले में कर्नाटक पुलिस ने एक कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। कार चालक एन. सत्यनारायण के खिलाफ मैसूर ग्रामीण पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है। काफिले के कर्मचारी एस. महादेव ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने शिकायत में कहा था कि आरोपी चालक द्वारा तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण दुर्घटना हुई। प्रधानमंत्री मोदी के भाई प्रह्लाद दामोदर दास मोदी और उनके परिवार के सदस्य 27 दिसंबर को मैसूरु जिले के कडकोला गांव के पास कार के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद घायल हो गए थे। यह घटना तब हुई थी जब प्रह्लाद मोदी और उनका परिवार मर्सिडीज बेंज कार में पर्यटन स्थल बांदीपुर की ओर जा रहे थे। अधिकारियों ने कहा है कि यह घटना तब हुई, जब कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई।

## 10 देशों की सख्ती पर दबाव में डब्लूएचओ, चीन से रियल टाइम कोविड डेटा मांगा

**बीजिंग, एजेंसी।** ब्रिटेन, फ्रांस, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित 10 देशों ने चीन से आने वाले यात्रियों के लिए कोरोना टेस्ट को अनिवार्य कर दिया है। इन देशों द्वारा की लगाई गई पाबंदियों के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन हरकत में आ गया है। उसने चीन से जीरो कोविड पलिसी को खत्म करने के बाद खतरनाक तरीके से बढ़ रहे कोरोनो वायरस के मामले पर और अधिक डेटा देने के लिए कहा है।

बता दें कि 5 जनवरी से चीन से इंग्लैंड जाने वाले यात्रियों को दो दिन पुराना निगेटिव रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य होगा।

## असम में परिसीमन से पहले 4 जिलों के विलय का फैसला, सरमा बोले- उम्मीद है फैसलों के महत्व को समझेंगे लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** असम से एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। असम सरकार ने चार जिलों का अन्य चार जिलों में विलय के साथ-साथ कुछ गांवों के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में बदलाव करने का फैसला किया। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक प्रेस कन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक आवश्यकताओं, समाज और असम के हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय भारी मन से लिया गया। हालांकि असम सरकार ने इसके पीटे की वजह का खुलासा नहीं किया। आपको




बता दें कि बिस्वानाथ जिले को सोनितपुर में, होजई को नौगांव में, बजाली को बारपेटा में और तमुलपुर को बक्सा में मिला दिया जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुछ गांवों और कुछ कस्बों के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। विलय किए गए ज्यादातर जिले हाल के दिनों में बनाए गए थे। मुख्यमंत्री ने विलय किए गए जिलों के लोगों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से माफी मांगना चाहता हूं लेकिन उम्मीद है कि वे फैसलों के महत्व को समझेंगे। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य के मंत्रियों की एक टीम इन जिलों का दौरा करेगी। साथ ही राज्य के मंत्री प्रमुख संगठनों और नागरिकों के साथ बातचीत कर इन फैसलों के कारणों को बताएगी जिनका खुलासा सार्वजनिक तौर पर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिन जिलों का विलय किया गया है उनके पुलिस और न्यायिक जिले जारी रहेंगे क्योंकि वे अन्य कार्यालयों और अधिकारियों के साथ हैं।

गौरतलब है कि चुनाव अयोग ने असम में एक जनवरी, 2023 से परिसीमन तय होने तक नई प्रशासनिक इकाइयों के गठन पर भी रोक लगा दी है। आयोग ने असम के मुख्य चुनाव अधिकारी को निर्देशित किया है कि राज्य सरकार से यह सुनिश्चित कराएं कि एक जनवरी, 2023 से परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने तक नए प्रशासनिक निकायों या इकाइयों का गठन प्रतिबंधित रहेगा। संविधान के आर्टिकल 170 के अनुसार यह परिसीमन 2001 की जनगणना के आधार पर किया जाएगा।

## भारत को बातचीत की मेज पर लाने के लिए आतंकवाद को हथियार न बनाएं, जयशंकर ने पाक को सुनाई खरी-खरी

**निकोसिया, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से हमला बोलते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत को श्बातचीत की मेज पर लाने के लिए आतंकवाद का इस्तेमाल हथियार के तौर पर नहीं किया जा सकता।

वहीं, चीन के साथ सीमा विवाद मुद्दों पर एस जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं, क्योंकि हम वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को एकतरफा बदलने के किसी भी प्रयास के लिए सहमत नहीं होंगे। अरुणाचल के तवांग सेक्टर में चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच हुई झड़प पर उन्होंने कहा कि हमारी सीमाओं पर चुनौतियां हैं, जो कोविड के दौरान और बढ़ गई हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि मूल मुद्दों पर कोई समझौता नहीं होगा क्योंकि आतंकवाद से किसी भी देश को उतना नुकसान नहीं हुआ है, जितना भारत को हुआ है। उन्होंने कहा कि हम बहुत स्पष्ट हैं कि हम आतंकवाद को कभी स्वीकार नहीं करेंगे या इसे सामान्य नहीं करेंगे।

पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ अच्टे संबंध चाहते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम आतंकवाद के मुद्दे पर समझौता कर लें। हम आतंकवाद को हथियार बनाकर भारत को बातचीत की मेज पर लाने के लिए मजबूर नहीं होने देंगे।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता भारत के पास आने के बाद से ही पाकिस्तान आतंकवाद पर भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है। इसी मकसद से पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान सरकार के तमाम मंत्री प्रेस कन्फ्रेंस कर भारत के खिलाफ जमकर बयानबाजी करते नजर आते हैं।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल जरदारी भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा था कि मैं भारत को बताना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन तो मर चुका है, लेकिन श्गुजरात का कसाई अभी जिंदा है और भारत का प्रधानमंत्री है। इसके अलावा जरदारी ने भारत सरकार की विचारधारा को हिटलर से प्रभावित बताया था।

पाकिस्तान की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने भी भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा था कि भारतीय खुफिया एजेंसी र ने पाकिस्तान में पिछले दो सालों में 1200 से ज्यादा आतंकी हमले किए हैं। विदेश राज्य मंत्री ने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा था कि आतंकवाद का इस्तेमाल भारत से ज्यादा किसी देश ने भी नहीं किया है।

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में बताया था कि चीनी सैनिकों ने 9 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र में एलएसी के पास यथास्थिति बदलने की कोशिश की थी। भारतीय सैनिकों ने उनके मंसूबो पर पानी फेर दिया और चीनी सैनिकों को पीटे हटना पड़ा। इस दौरान दोनों देशों की सेनाओं के बीच झड़प हो गई थी।

भारत और साइप्रस के बीच राजनयिक संबंध के 60 साल पूरे होने के अवसर पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर साइप्रस दौरे पर हैं। साइप्रस दौरे के दौरान जयशंकर ने साइप्रस के विदेश मंत्री से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा और सैन्य समझौते पर दस्तखत किए। इसके अलावा दोनों देशों ने इमिग्रेशन और मोबिलीटी के साथ- साथ साइप्रस के अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में शामिल होने के समझौते पर भी दस्तखत किए।

## चलती बस में ड्राइवर को आया हार्ट अटैक, एसयूवी से हुई टक्कर- 9 लोगों की दर्दनाक मौत

**नवसारी (एजेंसी)।** गुजरात में भीषण सड़क हादसे की घटना सामने आई है। यहां के नवसारी में चलती बस में ड्राइवर को हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद गाड़ी नियंत्रित हो गई है। इस हादसे में कार और बस के बीच सीधी टक्कर हो गई। इस घटना में 9 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं कई अन्य यात्री हो गए है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और अन्य लोगों में इलाज के लिए घायलों को नजदीक अस्पलात में भर्ती करवाया है। यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर वेसमा गांव के पास हुई है। ड्राइव करते वक्त ड्राइवर को दिल का दौरा पड़ा, जिससे बस अनियंत्रित हुई और उसने एक तेज रफ्तार फर्च्यूनर कार को टक्कर मार दी। नवसारी में आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। कार और बस की जोरदार टक्कर हो गई है। कार में सवार सभी आठ लोगों सहित 9 जनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## नए साल में बढ़ेगा सर्दी का सितम, पंजाब और हरियाणा सहित कई राज्यों में बारिश के आसार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश भर में ठंड का सितम जारी है। वहीं नये साल में जमा देने वाली सर्दी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आगामी चार से पांच दिन पारा 5 डिग्री तक गिर सकता है। कश्मीर से लेकर राजस्थान समूचा उत्तर भारत हिमपात, बारिश और घुप कोहरे की मार झेल सकता है। आज यूपी, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के कई इलाकों में बारिश हो सकती है। कश्मीर के बारामूला, श्रीनगर और देहरादून, शिमला के अलावा नेपाल सीमा से लगने वाले पहाड़ी इलाकों में जमकर बर्फबारी हो रही है। जिस वजह से मैदानी इलाकों में शीतलहर तेज हो गई है। इसके अलावा सुबह और शाम के वक्त घुप कोहरे से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार से पांच दिन फिलहाल राहत के कोई आसार नहीं है।

पांच डिग्री तक गिरेगा तापमान

जारी प्रेस विज्ञप्ति में मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि अगले चार से पांच दिन तापमान में गिरावट आ सकती है। पंजाब, जम्मू कश्मीर, हरियाणा, यूपी, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश समेत पश्चिमी हिमालयी राज्यों में अगले चार दिन तापमान 3 से 5 डिग्री तक गिर सकता है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि यूपी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड और उत्तरी राजस्थान में 3 से 4 जनवरी तक शीतलहर का प्रकोप जारी है। पहाड़ों में बर्फबारी के चलते ठंडी हवाओं में इजाफा हो सकता है।

## पीएनबी मामला: नए साल में नीरव मोदी को होगा तगड़ा घाटा

**मुंबई (एजेंसी)।** बहु-अरबपति घोटालेबाज हीरा कारोबारी नीरव डी. मोदी को नए साल में 18 करोड़ रुपये का तगड़ा घाटा होगा। मुंबई के डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल (डीआरटी) के अधिकारी आशु कुमार ने बकाया राशि वसूली के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा दायर मामलों में से एक में मोदी और अन्य की दो प्रमुख संपत्तियों की नीलामी का आदेश दिया है इन संपत्तियों की ई-नीलामी को साल के अंत में पीएनबी के 11,653 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली का प्रयास माना जा रहा है, जिसकी गणना 2023 की शुरूआत तक की गई थी। ये संपत्तियां पुणे में स्थित योपुन हाउसिंग स्कीम की 16वीं मंजिल, एफ1 बिल्डिंग पर दो निकटवर्ती फ्लैट हैं, जिनके माप 398 वर्ग मीटर और 396 वर्ग मीटर है। पीएनबी ने इन दो फ्लैटों के लिए क्रमशरू 8.99 करोड़ रुपये और 8.93 करोड़ रुपये का आरक्षित मूल्य निर्धारित किया है, जिसकी नीलामी 3 फरवरी, 2023 को होगी। डीआरटी ने 28 दिसंबर को स्टेलर डायमंड्स, सोलर एक्सपोर्ट्स, डायमंड आर यूएस, एएनएम एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, एनडीएम एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड को नीलामी का नोटिस जारी किया था। इन कंपनियों के अलावा, उनके प्रमोटर, मालिक, निदेशक जैसे नीरव डी. मोदी, एमी नीरव मोदी, रोहिन एन. मोदी, अनन्या एन. मोदी, अपशा एन. मोदी, पूर्वी मयंक मेहता, दीपक के. मोदी, नीशाल डी. मोदी और नेहल डी. मोदी को पीएनबी के 7,029 करोड़ रुपये के प्रमाणित कर्जदार के रूप में नोटिस जारी किया गया।

## लंबी कूद में शिवम और दौड़ में ममता ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नेहरू युवा केंद्र, पौड़ी द्वारा विकास क्षेत्र पौड़ी के राजकीय इंटर कॉलेज कण्डारा में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता पुरूस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुई। पुरूष वर्ग लम्बी कूद में शिवम ग्राम डुंगरी प्रथम, सचिन ग्राम नौसेलु द्वितीय, पंकज ग्राम भैंसरो तृतीय स्थान पर रहे।

महिला वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिया में मानसी-शालिनी की जोड़ी विजेता, रेनुका-दिव्यांशी की जोड़ी उपविजेता रही। 100 मी. दौड़ में ममता ग्राम रिठाई प्रथम, दिव्यांशी ग्राम कमेड़ा द्वितीय एवं मानसी ग्राम पैडुल तृतीय स्थान पर रहे।

मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य राइका कण्डारा चन्द्रशेखर नौटियाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए। साथ ही युवाओं



को बचपन से अपना लक्ष्य निर्धारित कर हुनर की पहचान के अनुरूप अपने भविष्य का निर्धारण सकारात्मक सोच से करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रबंधक अनूप भारती मैमोरियल पब्लिक स्कूल कण्डारा के कुलदीप गुंसाई ने कहा कि हमें नियमित रूप से खेलों का अभ्यास करना चाहि, ताकि युवाओं का मानसिक व शारिरिक विकास हो सकें। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने बताया कि संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न होने के पश्चात् जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय पौड़ी में किया जाना है। जिसमें संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता की विजेता टीमें प्रतिभाग करेंगी। पुरुष वर्ग बॉलीबाल प्रतियोगिता में युवा मंडल कण्डोलिया ने रोमांचक मुकाबले में युवा मंडल नौसेलु को 30-17 के अंतर से हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया।

कबड्डी प्रतियोगिता में युवा मंडल भैंसरो ने युवा मंडल रिठाई को 0-8 अंकों से परास्त किया। निर्णायक की भूमिका में राकेश सिंह कठैत, सुनील चन्द्र बमराड़ा, सुखदेव सिंह रहें। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी पौड़ी कविता पंवार ने किया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अजय कुमार, रायु स्वयं सेवक पारस रावत, ज्योति, अमित, वंश रावत, राज रावत, गगन बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# क्या टी20 विश्व कप हारने का खामियाजा भुगतेंगे रोहित शर्मा?



नई दिल्ली, बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी एक जनवरी को कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के साथ 2022 टी20 विश्व कप में भारत के लचर प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे।

द्रविड़ की अनुपस्थिति में भारतीय टीम के साथ रहे एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के भी बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के मुताबिक, श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से पहले मुंबई में बैठक निर्धारित है। बता दें कि इंग्लैंड ने टी–20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट से हरा दिया था। भारत ने साल 2013 में एमएस धोनी की कप्तानी में आखिरी बार आईसीसी इवेंट चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। वहीं, भारत का आखिरी विश्व कप खिताब 2011 में आया था।

**विश्व कप हारने के बाद सेलेक्शन कमेटी को कर दिया था भंग**

गौरतलब हो कि चेतन शर्मा के नेतृत्व वाले सेलेक्शन कमेटी को टी20 विश्व कप में मिली हार के बाद भंग कर दिया था। बीसीसीआई ने सेलेक्शन कमेटी के लिए आवेदन मांगे थे। चयन समिति को नवंबर में बर्खास्त कर दिया गया था, लेकिन रणजी ट्रॉफी के आयोजन होने पर खिलाड़ियों पर नजर रखने के लिए समिति को आदेश जारी किए गये थे। साथ ही श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 और वनडे के लिए टीम भी चुनने की अनुमति दी गई थी।

गठित की गई है क्रिकेट सलाहकार समिति

वहीं, दिसंबर महीने की शुरुआत में गठित क्रिकेट सलाहकार समिति ने शुक्रवार को चयनकर्ताओं के पदों के लिए उम्मीदवारों की सूची को शॉर्टलिस्ट करने के लिए मुंबई में बैठक की। पैनल में अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक शामिल हैं। चेतन शर्मा और हरविंदर सिंह ने सेलेक्टर पद के लिए फिर से आवेदन किया है, जबकि आवेदन करने वाले अन्य लोगों में भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद और भारत के पूर्व विकेटकीपर नयन मोंगिया शामिल हैं।

## भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा महिला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द

नई दिल्ली, भारत अंडर 19 और दक्षिण अफ्रीका अंडर 19 के बीच तीसरा महिला टी20 मैच शनिवार को बारिश के कारण रद्द हो गया। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था, लेकिन गीले मैदान के कारण मैच शुरू होने में देरी हुई। वहीं, दोबारा फिर बारिश होने से मैच को एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा। सीरीज का दूसरा मैच भी रद्द हो गया था।

शेफाली वर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज में 1–0 से आगे है। सीरीज का चौथा मैच 2 जनवरी को खेला जाएगा। भारत ने सीरीज के पहले मैच में 27 दिसंबर को 54 रन से जीत दर्ज की थी। तीसरा टी20 मैच स्टेन सिटी स्कूल ग्राउंड में खेला जाना था।बीसीसीआई ने ट्वीट कर जानकारी दी कि, ह्लसाउथ अफ्रीका में भारत अंडर–19 महिला और दक्षिण अफ्रीका अंडर–19 महिला टीम के बीच तीसरा टी20 मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया।

## श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से पहले हार्दिक पांड्या ने अमित शाह से की मुलाकात, क्रुणाल भी रहे मौजूद



नई दिल्ली, भारत के टी 20क कप्तान हार्दिक पांड्या ने नए साल की पूर्व संध्या पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उनके भाई कुणाल पांड्या भी मौजूद रहे। 3 जनवरी से भारत, श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 मैच की सीरीज का पहला मैच खेलेगा। हार्दिक भारतीय टी20 टीम का नेतृत्व करेंगे।

ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के साथ उनके भाई क्रुणाल पांड्या भी थे। उन्होंने अपने भाई क्रुणाल के साथ गृह मंत्री से मुलाकात करते हुए अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की।

हार्दिक पांड्या ने ट्वीट किया, ह्लमाननीय गृह मंत्री साथ अमूल्य समय बिताने के लिए हमें आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद। आपसे मिलना सम्मान और सौभाग्य की बात थी।

टी20 सीरीज के लिए हार्दिक संभालेंगे भारतीय टीम की कमान

29 वर्षीय हार्दिक श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। हार्दिक को ळ20क टीम का कप्तान नामित किया गया था और जनवरी के दूसरे सप्ताह में खेले जाने वाले श्रीलंका के खिलाफ डउक्क में उप–कप्तान की जिम्मेदारी दी गई है। वनडे में टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे।

हार्दिक के लिए 2022 शानदार रहा, जहां उन्होंने अपने पहले ही सीजन में गुजरात टाइटंस को आईपीएल 2022 का खिताब दिलाया। वहीं टी20 विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही न्यूजीलैंड में खेली गई तीन टी20 मैचों की सीरीज को 1–0 से जीती। दो मैच बारिश के कारण रद्द कर दिए गए थे।

**श्रीलंका बनाम भारत की टी20 टीम**

हार्दिक पांड्या (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (उप–कप्तान), दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, उमरान मलिक, शिवम मावी, मुकेश कुमार।

## श्रीलंका की टीम भारत के लिए रवाना, नए साल में खेलेगी तीन टी20 और वनडे मैचों की सीरीज



नई दिल्ली, दासुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंका टीम शनिवार को कोलंबो से भारत के लिए रवाना हो गई। जहां उन्हें 3 से 15 जनवरी तक तीन टी20 और इतने ही वनडे मैच खेलने हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने सोशल मीडिया पर टीम की रवानगी की तस्वीरें साझा की। भारत रवाना होने से पहले वानिन्दु हसरंगा ने स्थानीय प्रेस से बात की। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने तस्वीरों के साथ ट्वीट में कहा, दासुन शनाका के नेतृत्व में श्रीलंका की सीमित ओवरों की टीम भारत दौरे पर जाने के लिए थोड़ी देर पहले एसएलसी मुख्यालय परिसर से रवाना हुई। दुशमंता चमीरा एक बड़ा नाम है जो टीम में शामिल नहीं है, श्रीलंका के पास टी20 और डउक्क सीरीज के लिए 20 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। वानिंदु हसरंगा को टी20क के लिए उप–कप्तान के रूप में नामित किया गया था जबकि कुसल मेंडिस वनडे के लिए उप–कप्तान होंगे।

दूसरी ओर, टी–20 में हार्दिक पांड्या युवा भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसमें शुभमन गिल, इशान किशन और रुतुराज गायकवाड़ शीर्ष पर हैं। युवा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और शिवम मावी को भी टी–20 सीरीज में जगह मिली है। 10 जनवरी से 15 जनवरी तक वनडे सीरीज खेली जाएगी।

# साल 2023 में भारतीय महिला टीम के पास है ये 3 सुनहरे मौके, बेटियां करेगी देश का नाम रोशन



नई दिल्ली, भारत की महिला टीम ने साल 2022 में कॉमनवेल्थ गेम्स से लेकर एशिया कप में शानदार जीत हासिल कर सभी देशवासियों को गौरवान्वित किया था। वहीं नए साल 2023 में भी क्रिकेट फैंस को भारतीय महिला टीम से शानदार प्रदर्शन की उम्मीदें है।

बता दें साल 2023 में भारतीय महिला टीम 3 बड़े टूर्नामेंट खेलने वाली है, जिसमें टी–20 वर्ल्ड कप, विमेंस आईपीएल और अंडर 19 विमेंस वर्ल्ड कप का नाम शामिल है। ऐसे में ये माना जा रहा है कि भारतीय महिला टीम इन टूर्नामेंट में भारत का परचम लहराने वाली है और देश का नाम रोशन करती हुई नजर आ सकती है।

1. महिला अंडर–19 टी–20 वर्ल्ड कप

बता दें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अंडर–19 महिला टी–20 वर्ल्ड कप का ऐलान कर दिया है। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन 14 जनवरी से होगा, जो कि 29 जनवरी 2023 तक दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें शामिल होंगी। वहीं भारत को दक्षिण अफ्रीरा, संयुक्त अरब अमीरात और स्कॉटलैंड के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। टी–20 वर्ल्ड कप 2023 टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान हो गया है, जिसमें शेफाली वर्मा को कप्तान बनाया गया है।

2. टी–20 विश्व कप 2023

लिस्ट में दूसरे नंबर पर है टी–20 वर्ल्ड कप 2023, जिसका आगाज फरवरी 2023 से होगा। इस टूर्नामेंट के लिए हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम (कर्ल्लल्ल हङ्गेंल्ल उ१ ाि३ ळें) वर्ल्ड चैम्पियन बनने के सपने को पूरा करने के लिए उतरेगी। जिसके लिए बीसीसीआई ने हाल ही में भारतीय महिला टीम की स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। महिला टी–20 वर्ल्ड कप 2023 की शुरुआत 10 फरवरी से होनी है, जबकि 12 फरवरी को टीम इंडिया का पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ है। ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि क्या पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के साथ भारतीय महिला टीम इस सुनहेरे मौके को भुना पाती है या नहीं?

3. विमेंस आईपीएल 2023

साल 2023 में पहली बार महिलाओं को इंडियन प्रीमियर लीग (हङ्गेंल्ल कढछ) खेलते हुए देखा जाएगा। बता दें विमेंस आईपीएल के पहले सीजन में बीसीसीआई पांच टीमों के साथ प्लेइंग इलेवन में पांच विदेशी खिलाड़ियों को अनुमति दी गई। बता दें महिला बिग बैश लीग 2016 से ऑस्ट्रेलिया में खेला जा रहा है, जबकि महिलाओं का द हंड्रेड पिछले साल शुरु हुआ था।

इसके साथ ही पाकिस्तान ने भी अगले साल के लिए महिला लीग की घोषणा की है। लेकिन विमेंस आईपीएल के जरिए भारतीय टीम के पास सुनहेरा मौका है, जिसमें शानदार प्रदर्शन कर वो देश का नाम रोशन कर सकती है।

# फिल्मी गपशप

## अगर स्क्रिप्ट की डिमांड हो तो मैं बोल्ड दृश्यों को ना नहीं कहती : ईशा सिंह



सिर्फ तुम, इश्क का रंग सफेद और इश्क सुभान अल्लाह जैसे शो में अपनी भूमिकाओं के लिए पहचानी जाने वाली टीवी अभिनेत्री ईशा सिंह ने वेब शो या फिल्मों में बोल्ड कंटेंट करने पर अपने विचार साझा किया है।

वह कहती हैं, अगर स्क्रिप्ट की डिमांड है, तो मैं इसे करने के लिए निश्चित रूप से उत्सुक हूं, लेकिन केवल तभी जब मैं उस विशेष दृश्य को करने में सहज हूं। मुझे बोल्ड सीन के लिए ना कहने में भी कोई दिक्कत नहीं है। बोल्ड दृश्यों के बारे में नकारात्मक तरीके से सोचने के बजाय मैं इसे सकारात्मक तरीके से लेती हूं, जहां यह सिर्फ स्क्रिप्ट का एक हिस्सा है और इससे ज्यादा कुछ नहीं।

वह आगे कहती हैं, मैंने ऐसा कोई वेब शो नहीं देखा है जो दर्शकों का ध्यान केवल अपने बोल्ड दृश्यों के आधार पर खींचने की कोशिश कर रहा हो, न कि कंटेंट के साथ।

ईशा कहती हैं, मैं कुछ ऐसा करना पसंद करूंगी जो मैंने पहले नहीं किया है, क्योंकि अब मैं अपने अभिनय कौशल का पता लगाना चाहती हूं और कुछ चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं करने के लिए उत्सुक हूं।

मैं थ्रिलर शैली में एक वेब शो करना पसंद करूंगी, क्योंकि मैं कुछ ऐसा करना चाहती हूं जो अभिनय के मामले में मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर निकाल दे।

## रिधि डोगरा ने अपनी डेब्यू फिल्म लकड़बग्गा का फर्स्ट लुक किया जारी, फैंस हुए उत्साहित

बॉलीवुड अभिनेत्री रिधि डोगरा पिछले लंबे वक्त से अपनी डेब्यू फिल्म लकड़बग्गा को लेकर चर्चा में हैं। फैंस ब्रेसबी से उनकी इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इसी बेबाबी को देखते हुए अब रिधि ने लकड़बग्गा से अपना फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया है। इस फिल्म वह अक्षरा डिसूजा नाम की एक लडक़ी का किरदार निभाती नजर आएंगी। हाल ही में जारी हुए इस मोशन पोस्टर ने रिधि के चाहनेवालों को और ज्यादा उत्साहित कर दिया है।

रिधि फिल्म में एक पुलिसवाली के रूप में दिखाई देंगी। फिल्म का ट्रेलर 3 जनवरी, 2023 को रिलीज किया जाएगा। बता दें कि लकड़बग्गा एक ऐसी फिल्म है, जिसमें थ्रिल, एक्शन और सस्पेंस भरपूर देखने को मिलेगा। लकड़बग्गा 13 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

## जाह्नवी कपूर की मिली ने दी ओटीटी पर दस्तक, नेटफ्लिक्स पर हुई रिलीज



अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने कई फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखाया है। 2022 में उनकी दो फिल्में, गुडलक जैरी और मिली रिलीज हुईं।

इन दोनों फिल्मों में जाह्नवी के चाहनेवालों ने उनपर खूब प्यार लुटाया। 4 नवंबर को रिलीज हुई मिली को समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिली थीं, लेकिन फिल्म सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही और दुनियाभर में केवल 3.5 करोड़ रुपये कमाए।

अब मिली ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर दस्तक दे दी है।मिली 30 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जा रही है। इस खबर की जानकारी देते हुए नेटफ्लिक्स ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें अभिनेत्री कांपते हुए अपनी फिल्म को देखने की तैयारी में लगी हुई हैं। बता दें कि मिली में जाह्नवी के साथ सनी कौशल भी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। यह मलयालम फिल्म हेलेन का हिंदी रीमेक है। मिली का निर्माण जान्हवी के पिता बोनी कपूर ने किया था।

## अवतार 2: 100 करोड़ डॉलर की कमाई करने वाली छठी सबसे तेज फिल्म

जेम्स कैमरून की बहुचर्चित फिल्म अवतार: द वे ऑफ वॉटर इन दिनों सिनेमाघरों में खूब धूम मचा रही है। फिल्म ने अपनी रिलीज के सिर्फ 14 दिनों में वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ डॉलर (लगभग 8,200 करोड़ रुपये) का आंकड़ा पार कर लिया है।


**खोया-पाया**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी उत्तराखण्ड बोर्ड की हाईस्कूल अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वर्ष 2021 अनुक्रमांक 21064426 वास्तव में कहीं खो गये हैं। जो काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिले।


**कमला पुत्री गोपी**
**गिंवई स्रोत, कोटद्वार**
**गढ़वाल उत्तराखण्ड**
(0778/25)


## जल्द जारी होगा नंदमुरी बालकृष्ण की अगली फिल्म का गीत



आगामी वर्ष की संक्रांति पर एक बार फिर दक्षिणी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने की तैयारी में लगे अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म का चौथा गीत जल्द ही जारी होने वाला है। इस गीत के बारे में संगीतकार एस.थमन ने संकेत देते हुए कहा कि यह एक रीमिक्स होगा। इस फिल्म के पहले से जारी हो चुके तीन गीतों– सुगुण सुंदरी, जय बलय्या, और माँ बावा मनोभावलु–को श्रोताओं ने बहुत सराहा है। दर्शकों और श्रोताओं को इस फिल्म के 4थे गीत का बेसब्री से इंतजार है। अपने आकर्षक गानों के साथ यह फिल्म चर्चा का विषय बन गई है। थमन द्वारा रचित संगीत ने प्रशंसकों से वादा किया है कि चौथा और नवीनतम गीत विंटेज बलय्या नंबर होगा। वीरा सिम्हा रेड्डी गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित एक एक्शन ड्रामा है।एस थमन ने ट्विटर पर खुलासा किया कि वीरा सिम्हा रेड्डी का चौथा और नवीनतम सिंगल रास्ते में है। उन्होंने कहा कि यह एक विंटेज बलय्या नंबर होगा, यह सुझाव देते हुए कि नया ट्रैक वास्तव में एक रीमिक्स होगा।वीरा सिम्हा रेड्डी, जिसे पहले एनबीके 107 के नाम से जाना जाता था, एक एक्शन ड्रामा है जिसमें नाता सिम्हा को एक बड़े नए अवतार में दिखाया गया है। कलाकारों में श्रुति हासन, वरलक्ष्मी सरथकुमार और दुनिया विजय शामिल हैं।

## कार्तिक आर्यन अपने बर्ताव के कारण हेरा फेरी 3 से हुए बाहर?



हेरा फेरी 3 अपनी कास्टिंग को लेकर चर्चा में है। जब से फिल्म से अक्षय कुमार के बाहर होने की बात सामने आई है, फिल्म के प्रशंसक निराश हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी की तिकड़ी ही फिल्म की पहचान है। ऐसे में अक्षय का बाहर होना लोगों को रास नहीं आया। इधर फिल्म में कार्तिक आर्यन की एंट्री भी चर्चा में थी। अब खबर आ रही है कि कार्तिक फिल्म से बाहर हो गए हैं।

शुरुआत में रिपोर्ट्स में कहा गया कि हेरा फेरी 3 में कार्तिक शामिल हो गए हैं। इसके बाद ट्विटर पर एक यूजर के सवाल के जवाब में परेश ने भी इस खबर की पुष्टि कर दी। पहले चर्चा हुई कि कार्तिक ने इस फिल्म में अक्षय को रिप्लेस किया है। बाद में सुनील शेट्टी ने साफ किया कि कार्तिक का फिल्म में अलग किरदार है। इसका अक्षय के राजू के किरदार से कोई संबंध नहीं है।

रिपोर्ट के अनुसार कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद कार्तिक आर्यन का बर्ताव बदल गया और वो हावी होने लगे। वह शॉट्स में अपने हिसाब से बदलाव चाहते थे और बदलने के लिए जोर भी देते थे। इससे निर्माताओं और कार्तिक के बीच पटरी नहीं बैठी। रिपोर्ट के अनुसार कार्तिक फिल्म से बाहर हो गए हैं। हालांकि, फिलहाल को आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। न ही निर्माताओं ने, न ही कार्तिक ने इसपर कोई जानकारी दी है।

निर्माता फिल्म में अक्षय को वापस लाने का प्रयास कर रहे हैं और प्रशंसक भी यही चाहते हैं। एक कार्यक्रम में अक्षय ने कहा था, मुझे फिल्म ऑफर की गई थी, लेकिन इसके स्क्रीनप्ले, इसकी स्क्रिप्ट से मैं खुश नहीं था। मुझे वही करना था जो लोग देखना चाहते हैं, इसलिए मैं पीछे हट गया। यह फिल्म मेरी जिंदगी और सफर का बड़ा हिस्सा है। मैं खुद भी दुखी हूं कि मैं इसे नहीं कर पा रहा।


**जयन्त**

**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com